सुप्रभात
रांची, रविवार
21.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 277


12 भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार

### न्यूज डायरी

## नलिन प्रभात एनएसजी के महानिदेशक बने

**नयी दिल्ली।** आईपीएस के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी ) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। सरकारी आदेश के अनुसार वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है। वहीं सरकार ने ओड़िशा कैडर की 1992 बैच की आईपीएस अधिकारी सपना तिवारी को खुफिया ब्यूरो (आइबी) में विशेष निदेशक बनाया गया है। वह अभी इसी एजेंसी में अतिरिक्त निदेशक हैं।

## ओड़िशा में नाव हादसा सात शव बरामद

**झारसुगुडा।** ओडिशा के झारसुगुडा जिले रेंगाली थाना क्षेत्र के शर्धा महानदी घाट पर नाव पलटने की घटना में सात लोगों के शव बाहर निकाल लिये गये हैं। अन्य एक व्यक्ति लापता है, उसकी तलाश जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक पी स्मित परमार ने बताया कि बचाव एवं तलाश अभियान शनिवार सुबह फिर से चलाया गया। अभी तक सात शवों को बाहर निकाल लिया गया है और एक लापता व्यक्ति की तलाश जारी है।

## एएसपी निशा मुर्मू के घर में लगी आग, भारी क्षति

**रांची।** एंटी करप्शन ब्यूरो में प्रतिस्थापित एएसपी निशा मुर्मू के कांके रोड स्थित आवास में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गयी। आग की वजह से घर में रखे कई कीमती सामान जलकर राख हो गये। मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के दस्ते ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। निशा मुर्मू ने बताया कि उनके गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली स्थित घर के पहले माले पर स्थित एक कमरे में शनिवार की शाम अचानक आग लग गयी। आग इतनी तेजी के साथ फैली कि उसकी लपटें धीरे-धीरे घर के बाहर तक दिखाई देने लगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 69200 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 90000 | रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




### गर्मी का कहर ! सभी स्कूलों को टाइम टेबल बदलने का आदेश

# सोमवार से 11.30 बजे हो जायेगी बच्चों की छुट्टी

**प्राथमिक व मवि - 7:00 बजे से 11:30 तक**

**9 से ऊपर की कक्षाएं सुबह 7:00 से 12:00 तक**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में प्रचंड गर्मी और हीट वेव को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सोमवार से स्कूलों का समय बदलने का आदेश दिया है। नये टाइम टेबल के साथ स्कूलों को कुछ और दिशा निर्देश भी दिए गये हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के फैसले के अनुसार 22 से कक्षा 1 से कक्षा 8वीं तक की



पढ़ाई सुबह 7:00 बजे से 11:30 तक होगी। वहीं कक्षा 9 से ऊपर की की कक्षाएं सुबह 7:00 से 12:00 तक संचालित की जा सकेंगी।

शिक्षा विभाग ने इससे संबंधित आदेश शनिवार को जारी कर दिया। सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा है कि भीषण गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए सरकार ने सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक) सहित सभी निजी विद्यालयों के बच्चों के हित में यह फैसला लिया है।

**झारखंड में प्रचंड गर्मी, पारा 45 डिग्री पहुंचा :** झारखंड में पछुआ और उत्तरी-पश्चिमी हवाओं ने तपिश बढ़ा दी है। अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंच गया है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है।

(शेष पेज 11 पर)

### धूप में कोई गतिविधि नहीं

प्रभारी शिक्षा सचिव ने अपने आदेश में लिखा है कि इस दौरान प्रार्थना सभा या खेलकूद एवं अन्य गतिविधियां धूप में संचालित नहीं की जाएंगी। परंतु मिड डे मील का संचालन जारी रहेगा। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई में होने वाली छाती की भरपाई के संबंध में अलग से निर्णय लेते हुए जानकारी दी जाएगी। प्रभारी शिक्षा सचिव ने कहा है कि यह आदेश सोमवार से प्रभावित होगा और अगले आदेश तक लागू रहेगा।

# झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं : तेंदुलकर

### बच्चों संग फुटबाल खेला, झारखंडी भोजन का आनंद लिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी, रांची।** क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले दुनिया के प्रसिद्ध खिलाड़ी सचिन तोंदुलकर ने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। झारखंड में कई ऐसे हीरे हैं जिसे तराशा जाये, तो वो देश का नाम रोशन कर सकते हैं। हाकी, किक्रेट, तीरंदाजी समेत कई अन्य खेलों में इसके उदाहरण भरे पड़े हैं। तेंदुलकर फाउंडेशन के कार्यक्रम में भाग लेने सचिन शनिवार को पत्नी डा अंजलि तेंदुलकर के साथ ओरमांझी (रांची) में समारोह में बोल रहे थे। तेंदुलकर फाउंडेशन देश में स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल के क्षेत्र में काम करती है।

(शेष पेज 11 पर)

### बच्चों का नाम गूंजे यही लक्ष्य

शनिवार को ओरमांझी में सचिन तेंदुलकर एक बच्ची स्वाती के साथ फुटबाल खेलने मैदान में उतरे। खेल के दौरान बच्चे स्वाती, स्वाती चिला रहे थे। इसे देख अंजलि तेंदुलकर सहित सभी मुस्कुराने लगे। इस संबंध में सचिन तेंदुलकर ने मुस्कुराते हुए कहा यही तो चाहते हैं कि बच्चों का नाम गूंजे। सचिन फांउडेश न का भी यही लक्ष्य है।

### मडुवा रोटी का चखा स्वाद

सचिन तेंदुलकर ने युवा स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर झारखंडी भोजन मडुवा रोटी का भी स्वाद चखा। इसके बाद सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी के साथ ओरमांझी से सीधे रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गये।

### उलगुलान न्याय महारैली आज, जुटेंगे इंडी के तमाम बड़े नेता

# मोदी सरकार के खिलाफ गरजेंगे तमाम दिग्गज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की रविवार को प्रभात तारा मैदान में आहूत उलगुलान न्याय महारैली के जरिये लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद होगा। इंडी गठबंधन इस रैली के जरिये एकजुटता का भी परिचय देकर चुनावी मैदान में उतरेगा। इस रैली में गठबंधन के सभी उम्मीदवार मंच पर दिखेंगे। महारैली को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महारैली में इंडिया ब्लॉक के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, लालू यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, कल्पना सोरेन, उद्धव ठाकरे की प्रतिनिधि सुनीता चतुर्वेदी एक मंच से उलगुलान महारैली को संबोधित करेंगे। वहीं मोदी सरकार के खामियों को उजागर करने का काम किया जायेगा। इसके लिए जेएमएम, कांग्रेस, राजद, सीपीआई माले के अलावा अन्य दलों के नेता एकजुट हैं।

(शेष पेज 11 पर)



सीएम चंपाई ने लिया तैयारियों का जायजा

### केंद्र की नीतियों की पोल खोलेंगे : सीएम

न्याय उलगुलान महारैली की तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद प्रभात तारा मैदान पहुंचे। इस बीच वह मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि हम लोग केंद्र सरकार के नीतियों का पोल खोलने का काम करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जनता लोकसभा चुनाव में इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि मंहगाई, बरोजगारी बड़ा मुद्दा है। झारखंड में 14 सीटों पर गठबंधन विजयी होगा। मौके पर झामुमो के सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस से राकेश सिन्हा , राजद से कैलाश यादव, माले नदीम खान, आबिद खान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## मैट्रिक में कम नंबर आने पर छात्रा ने की खुदकुशी

**सरायकेला।** मैट्रिक की परीक्षा में कम नंबर आने पर सरायकेला की छात्रा ने खुदकुशी कर ली। साड़ी का फंदा बनाकर उसने अपनी जान दे दी। दसवीं कक्षा की छात्रा राखी प्रधान (16 ) सरायकेला थाना अंतर्गत मुरूप पंचायत के नारायणडीह गांव की रहनेवाली थी। माता-पिता की मौत के बाद चाचा उसकी परवरिश कर रहे थे। द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास करने के बाद वह काफी तनाव में थी। परिजनों ने उसे समझाया भी, इसके बावजूद साड़ी का फंदा बनाकर उसने अपनी जान दे दी। वह कम अंक आने से परेशान थी। रखी प्रधान कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय सरायकेला की छात्रा थी।

# हम गरीबों को उतना धन देंगे, जितना मोदी ने अमीरों को दिया: राहुल गांधी

**पटना ।** लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं का एक दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में शनिवार को भागलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। मुकेश सहनी ने भी विभिन्न सभाओं में पीएम पर हमला किया। इधर, सीएम नीतीश कुमार पूर्णिया में जनसभा को संबोधित करते हुए बीमा भारती पर जमकर बरसे। राहुल गांधी ने जनसभा में भाजपा और नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अमीरों के करोड़ों रुपये माफ कर दिये हैं। इंडिया अलायंस गरीबों को उतना पैसा देगा जितना नरेंद्र मोदी ने अमीरों को दिया।



**तेजस्वी बोले 400 पार का सपना सुपर फ्लॉप :** भागलपुर में ही तेजस्वी यादव ने भी पीएम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का 400 पार का सपना सुपर फ्लॉप हो गया। हम युवाओं के हाथ में कलम दे रहे हैं, वहीं भाजपा तलवार दे रही है। वहीं वीआईपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी ने दावा किया कि मोदी सरकार न सिर्फ युवा विरोधी है बल्कि गरीब विरोधी भी है। उन्होंने अग्निवीर योजना को लेकर सरकार को घेरा।

(शेष पेज 11 पर)

# कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी को हमेशा झुग्गियों में रखा: मोदी

## उनका इतिहास घोटालों से भरा है, न कोई नेता और न कोई दृष्टिकोण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने विपक्ष की आइएनडीआइ अलाइंस पर जमकर हमला करते हुए कहा कि इंडी अलायंस के पास कोई नेता नहीं है, न ही भविष्य के लिए कोई दृष्टिकोण। इनका इतिहास घोटालों से भरा है। वह शनिवार को कर्नाटक के चिक्कबल्लापुर में एक रैली में बोल रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी सरकार के सबसे बड़े लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी परिवार हैं। पिछली सरकारों में एससी, एसटी



और ओबीसी परिवारों को झुग्गियों में रहने के लिए मजबूर किया गया था। पीएम मोदी ने कहा कि पहले चरण के मतदान ने देश में उत्साह बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह मैं यहां भी देख सकता हूं।

**सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, गारंटी भी देता हूं :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर आपका आशीर्वाद लेने के लिए आप सभी के बीच आया हूं। आपके लिए, मैंने दिन-रात मेहनत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आपका सपना मेरा संकल्प है। मेरे जीवन का एक-एक सेकंड 2047 के लिए 24/7 समर्पित है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं सिर्फ नीतियां नहीं बनाता, गारंटी भी देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने उन्हें पंक्ति में पहले स्थान पर ला दिया है। 2019 में एनडीए ने एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के रूप में नामित किया यह हमारी सरकार है जिसने बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को विकसित किया है। उन्हें पंचतीर्थ बना दिया गया है।

### कुछ लोग मोदी को हटाना चाहते हैं: पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और दुनिया के सभी प्रमुख नेता मेरे खिलाफ एकजुट हो गये हैं, लेकिन यह आपके आशीर्वाद और आपने मुझे जो सुरक्षा कवच दिया है। इस कवच के कारण मैं सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हूं। वहीं, सभा में बीते 10 सालों में किये गये काम का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में हमने 10 करोड़ महिलाओं को एसएचजी से जोड़ा है। एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बन गयी हैं। अब मेरा अगला लक्ष्य 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है, जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये से ज्यादा होगी।




सुरेश चन्द्र डे
संस्थापक – "श्रीलेदर्स"
(21.04.1911 - 21.05.1990)

श्री सुरेश चन्द्र डे स्वाधीनता संग्राम के कर्मयोगी, निष्ठावान और दूरदर्शी वीर सेनानी थे। विषम परिस्थितियों में अथक परिश्रम से उन्होंने श्रीलेदर्स की स्थापना कर समस्त देशवासियों को विकास की गति प्रदान की।

देश की आज़ादी के पश्चात् सन् 1952 में जमशेदपुर शहर में इसकी स्थापना हुई। वर्त्तमान में देश के विभिन्न शहरों में इसकी अनेकों शाखाएँ उज्जवलित हैं। सुरेश डे के आदर्श "बाधाओं को पार कर सफलता हासिल करना" ही श्रीलेदर्स की सफलता का मूलमंत्र है।

Sreeleathers
World Class. Right Price.
SINCE 1952

FRANCHISE ENQUIRIES SOLICITED franchise@sreeleathersonline.com | Sreeleathers "Since 1952" | SreeleathersSince1952 | www.sreeleathersonline.com

# विकास और सनातन विरोधियों का रांची में हो रहा मिलन : बाबूलाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रांची में 21 अप्रैल को इंडी गठबंधन की न्याय रैली हो रही है परंतु इसमें झारखंड और देश हित की बात करनेवाले नहीं, इसके विरोधी लोगों का जमावड़ा हो रहा है। शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शहर में चारों ओर होर्डिंग लगा है। इसमें, जिनकी भी तस्वीर लगी है, वे सब झारखंड के विरोधी रहे हैं। इस राज्य और देश के विकास के साथ साथ सनातनियों के भी विरोधी रहे हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने पहल नहीं की होती तो झारखंड अलग राज्य नहीं होता। इंडिया गठबंधन के लोग झारखंड के विकास की बातें करते हैं पर वास्तव में यहां के लोगों के मान सम्मान की रक्षा, लोगों की भावनाओं को एनडीए ने ही समझा है। 1998-99 में भाजपा ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बनेगा। 2000 में ऐसा करके भी दिखाया। मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और अन्य भी मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब-जब इंडी गठबंधन को अवसर मिला, यहां सत्ता का उपयोग लूटने में किया। पिछले चार सालों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इस राज्य को लूट लिया। अब वे अपनी करनी के कारण जेल में हैं। उन्होंने यहां के लोगों के लिए बालू तक नहीं छोड़ा। साहिबगंज में पहाड़ को अवैध तरीके से खोद डाला। नदी से बालू की लूट हो रही है। कोयला, पत्थर की लूट जारी है। अब जमीन में भी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। सेना तक की जमीनों को नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जो जमीन बिक नहीं सकती, उसे भी सरकार के संरक्षण में बेचा जा रहा है। ईडी ऐसे मामले में करप्ट लोगों को पकड़ कर जेल में डाल रही है।

**देश विरोधी हैं इंडी अलायंस के नेता :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडिया अलायंस के नेता देश विरोधी हैं। मोदी सरकार से पहले देश के जवान आतंकियों की गोली से मारे जाते थे। मोदी सरकार के समय पठानकोट में आतंकी हमला हुआ तो भारत के जवानों ने घुसकर मारा।

## 2000 जवानों के साथ एटीएस भी सुरक्षा में तैनात, जेड श्रेणी सुरक्षा में कई डीएसपी भी शामिल

# राहुल गांधी के लिए कारकेड तैयार, आइजी रैंक के अधिकारी कारकेड में रहेंगे शामिल

**उलगुलान न्याय महारैली**

### एयरपोर्ट पर कारकेड का किया गया रिर्हसल, सिटी एसपी को मिला है सुरक्षा का जिम्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रभात तारा मैदान में आज आयोजित होने वाली उलगुलान न्याय महारैली में राहुल गांधी समेत कई नेताओं, मंत्रियों को शामिल होना है। राहुल गांधी के लिए रांची पुलिस ने कारकेड तैयार किया है। कारकेड का नेतृत्व सीआरपीएफ के आइजी करेंगे। कार्यक्रम में वैसे लोग भी आयेंगे, जिन्हें जेड प्लस श्रेणी और कई को एसपीजी सुरक्षा की सुरक्षा मिली हुई है। ऐसे में रैली में आने वाले तमाम वीआईपी गेस्ट की सुरक्षा उनकी श्रेणी के तहत की गयी है।



### रेडिशन ब्लू तक चाक-चौबंद में रहेंगे माननीय

रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल रेडिसन ब्लू और रेडिएशन ब्लू से लेकर रैली स्थल तक राहुल गांधी के लिए जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को एसपीजी की सुरक्षा प्रदान की गयी है। रांची में पदस्थापित डीएसपी रैंक के चार पुलिस अफसरों को जेड प्लस और एसपीजी सुरक्षा वाले गेस्ट के साथ सुरक्षा में लगाया गया है। महारैली की सुरक्षा को लेकर गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सरायकेला, पलामू, लातेहार, रामगढ़, बोकारो और धनबाद से इंस्पेक्टर स्तर के 11 अफसरों को तैनात किया गया है। जैप के पांच डीएसपी भी रैली की सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे। वहीं जैप-1 से प्रशिक्षु 250 लाठी बल, जैप-2 से 35, जैप-3 से 38, जैप-4 से 81, जैप-6 से 98, जैप-8 से 102, आईआरबी-1 से 79, आईआरबी 4, 5 और 6 से 200 के करीब लाठी बल तैनात रहेंगे।

**एटीएस की हिट टीम की भी रहेगी तैनाती**

### विभिन्न सुरक्षा श्रेणी के गेस्ट आयेंगे

रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, राज्यसभा सांसद संजय सिंह, राज्यसभा सांसद प्रियंका चर्तुवेदी, टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन और माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य को भी उनकी सुरक्षा, श्रेणी के तहत मुहैया करायी गयी है। राहुल गांधी को जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। ऐसे में राहुल गांधी की सुरक्षा रांची में भी जेड प्लस श्रेणी दिया गया है।

### महारैली में शामिल होने वालों के लिए बनी पार्किंग

**रांची।** जेएमएम के नेतृत्व में प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में मुख्यमंत्री समेत दूसरे राज्यों के अन्य नेताओं सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से गठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ताओं के लाखों लोगों के उपस्थित होने की संभावना है। इसे लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने आनेवाली बसों का रूट लाइन और पार्किंग तय की है।

गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और रांची से आने वाले वाहन काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बलालौंग मोड़ से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं में सखुआ बगान एवं आम बगान में पार्क करेंगे।

दुमका, देवघर, जामताडा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर के पूर्वी भाग में पार्क करेंगे।

हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से आने वाले वाहन नेउरी रिंग रोड होते हुए रागपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोल चक्कर पश्चिमी में पार्क करेंगे।

जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, रांची के बुंडू, तमाड़, सिल्ली से आने वाले वाहन श्रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम में पार्क होंगे।

सिमडेगा, खूंटी, गुमला के वाहन रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए जेएन कॉलेज मैदान में पार्क होंगे।

वीआईपी के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोल चक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने से प्रभात तारा मैदान के दक्षिणी भाग में पार्किंग की व्यवस्था

वीआईपी और मीडिया के छोटे वाहनों के लिए धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मियां मार्केट के सामने संत थॉमस स्कूल के पास पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

## खबर एक नजर में

### इजहार अंसारी की जमानत पर ईडी को जवाब के लिए मिला समय, 23 को होगी सुनवाई

**रांची।** हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी जमानत याचिका की सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में हुई। मामले में इजहार अंसारी की ओर से बहस की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय प्रदान की। अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। बीते 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड़ रुपए के कोल लिंकेज के हेरा फेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपी है। इजहार निलंबित आईएस अधिकारी पूजा सिंघल का करीबी में बताया जाता है।

### योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट में सुनवाई जारी, 22 अप्रैल को अगली सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाला से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में सुनवाई जारी रही। अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी। दरअसल, ईडी कोर्ट ने योगेंद्र तिवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मामले में ईडी ने योगेंद्र तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किया है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीका से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुई है। मामले में ईडी ने 8/ 2023 दर्ज किया है। बता दें कि 19 अक्टूबर 2023 को पूछताछ के क्रम में ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद 14 दिनों तक ईडी ने रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ की थी। इसके बाद उसे जेल भेजा गया था। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से राज्य के 19 जिलों में थोक शराब का टेंडर योगेंद्र तिवारी ने लिया था।

### इंडिया ब्लॉक की न्याय उलगुलान महारैली फ्लॉप साबित होगी : संतोष सोनी

**रैली के आयोजन में करोड़ों रुपये होने वाला खर्च कहां से आ रहा**

**रांची।** झारखंड जदयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया ब्लॉक द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महारैली दिल्ली की तरह फ्लॉप रैली साबित होगी। उन्होंने आयोजकों से सवालिया लहजे में जानना चाहा कि क्या देश में भ्रष्टाचारियों को छूट देने से ही देशवासियों को न्याय मिलेगा। क्या आयोजक यह बताने की कृपा करेंगे इस रैली के आयोजन में करोड़ों रुपये होने वाला खर्च कहां से आ रहा है। चुनाव आचार सहिता लागू रहने से इस महाखर्च को इंडिया गठबंधन का महाखर्च माना जायेगा अथवा जेएमएम का? श्री सोनी ने यह भी सवाल खड़ा किया कि आखिर विपक्ष को न्यायालय पर विश्वास क्यों नहीं होता? वे बारबार न्याय महारैली का ही आयोजन कर जनता को क्यों बरगलाने का प्रयास करते रहते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि इस महारैली पर होने वाले अंधाधुंध खर्च का आकलन के साथ रैली के नाम पर लोगों को ढोने के लिए सैकड़ों वाहनों की व्यवस्था का भी आकलन जरूर करें। उन्होंने उलगुलान न्याय महारैली को एक महा ढकोसला रैली बताते हुए बताया कि यह फ्लॉप रैली साबित होगी। जनता को यह पता है कि न्याय अदालतों में मिलता है न कि महारैली करने से। श्री सोनी ने चुनाव आयोग से यह भी अपील किया कि चुनाव के समय इस तरह की गतिविधियों पर खास निगरानी रखे तथा इस पर होने वाले खर्च के साथ कितना और कहां-कहां पोस्टर लगाना है। इसकी अनुमति ली गयी या नहीं। चुनाव आयोग को इसका खुलासा करना चाहिए।

### जमशेदपुर लोस स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन आज, सुदेश होंगे शामिल

**रांची।** जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन का आयोजन रविवार को डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में होगा। सम्मेलन में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने की रूपरेखा और भावी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में लोस क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारी हिस्सा लेंगे।

## लैंड स्कैम : जमीन कारोबारी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर 25 को आयेगा फैसला

**अफसर अली 22 अप्रैल तक ईडी की रिमांड पर**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी अफसर अली की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी कोर्ट 25 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। अफसर अली अभी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन फजीर्वाड़ा मामले में ईडी की रिमांड पर है। अफसर अली के खिलाफ सेना की बरियातू स्थित 455 एकड़ की जमीन एवं चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के से जुड़े जमीन फजीर्वाड़ा मामले में भी वह आरोपी है। 14 अप्रैल 2023 से वह न्यायिक हिरासत में जेल में है।

सेना की जमीन मामले में अब उसपर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया। बताते चलें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## लोहार जाति को एसटी सूची से हटाने पर हाई कोर्ट ने केंद्र व राज्य से मांगा जवाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने लोहार जाति को एसटी सूची से बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और राज्य सरकार को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में हुई। खतियानी लोहार/ लोहरा जनजाति समाज के अध्यक्ष अतीत कुमार की ओर से इस संबंध में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

**संविधान के प्रारंभ से ही जनजातीय रहा है लोहार**

याचिका में कहा गया है कि लोहार संविधान के प्रारंभ से ही जनजातीय रहा है। लेकिन झारखंड अलग राज्य बनने के बाद लोहार को एसटी सूची से बिना किसी उचित कारण बताए हटा दिया गया और सिर्फ लोहरा को एसटी की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया जबकि लोहरा केवल पर्यायवाची, क्षेत्रीय बोलचाल की भाषा का शब्द है। इसी कारण लोहरा के नाम से कोई खतियान भी नहीं मिलता है।

## आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी समाज की जमीन और उनके संसाधनों को लूटने और तबाह करने वालों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए। वहीं, इतिहास में झांककर इंडी गठबंधन के साथियों को एक बार उलगुलान विद्रोह को फिर से पढ़ा जाना चाहिए। उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमीदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोध स्वरूप उत्पन्न हुआ था। आज इंडी गठबंधन उन्हीं साहूकारों और जमीदारों की तरह आदिवासी समाज की जमीनों को हड़पकर उलगुलान जैसे शब्दों का उपयोग कर उसका राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। उलगुलान विद्रोह को लेकर आदिवासी कवि हरीराम मीणा ने भगवान बिरसा मुंडा पर कविता लिखी थी। आज हेमंत के नेतृत्व में उन्हीं आदिवासी समाज की पुश्तैनी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा जमाकर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग करके भगवान बिरसा मुंडा को अपमानित किया जा रहा है।

श्री मरांडी ने कहा कि सबको पता है कि हेमंत सोरेन, जिसके लिए इस रैली का आयोजन किया जा रहा है, उसका हाथ पैर तो दूर, पूरा शरीर ही भ्रष्टाचार के दलदल में पूरी तरह डूबा हुआ है। पिछले 4 साल के कार्यकाल में हेमंत ने आदिवासी समाज के मान, सम्मान और पहचान को न सिर्फ धूमिल किया, बल्कि आदिवासी धरोहरों को नष्ट कर उनके संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचने का तथा उनकी जमीनों को अवैध तरीके से कब्जा करने तथा अपने साथियों की मदद से कागजों में भी हेरफेर करने का कुत्सित प्रयास किया है। जिस आदिवासी समाज के हितों का दिखावा कर, झूठे सपने दिखाकर हेमंत ने खुद को सत्ता पर काबिज किया था, वही हेमंत आदिवासी समाज की जमीनों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

**स्वार्थ की पूर्ति कर रहा इंडी गठबंधन**

एक तरफ इंडी गठबंधन, जो अपनी हिंदू विरोधी मानसिकता के साथ परिवारवाद, भ्रष्टाचार तथा तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर अपने स्वार्थ की पूर्ति कर रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार जिसका मुख्य उद्देश विकसित भारत के संकल्प के साथ, देश की एकता तथा अखंडता को मजबूत करना और देश की सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करके देश का गौरव बढ़ाना, समाज के सभी वर्गों की बराबर भागीदारी सुनिश्चित कराना, आदिवासी समाज के खोए मान, सम्मान और अभिमान को लौटाना, महिलाओं का सशक्तिकरण कर विकासयुक्त तथा आरोपमुक्त कल्याणकारी सरकार का गठन करना है।

## राष्ट्रीय समानता दल ने ब्रजेश तुरी को पलामू सीट पर उतारा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रीय समानता दल ने शनिवार को पलामू लोकसभा से ब्रजेश तुरी को चुनाव मैदान में उतारा है। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा ने पलामू लोकसभा सीट के कैंडिडेट के नाम की घोषणा की है। कुमुद कुशवाहा ने कहा कि ब्रजेश तुरी पार्टी के पुराने कैडर रहे हैं। सामाजिक समानता की लड़ाई में पलामू प्रमंडल में एक जाना माना चेहरा है। रांची और चतरा के बाद पलामू सीट से पार्टी कैंडिडेट के नाम की घोषणा की गयी है। जल्द ही खूंटी और कोडरमा लोकसभा सीटों से पार्टी कैंडिडेट के नामों की घोषणा करेगी।

**राजेंद्र यादव बनाए गए राष्ट्रीय समानता दल के प्रवक्ता :** राष्ट्रीय समानता दल ने राजेंद्र यादव को झारखंड का केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है। राजेंद्र यादव को केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त करते हुए राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल शास्त्री, प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा और प्रदेश महासचिव अशोक कुमार मेहता ने कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा।

**आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा राष्ट्रीय समानता दल :** राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष कुमुद कुशवाहा ने कहा कि पार्टी तीन लोस सीटों पर प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है। अन्य पांच लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर मंथन चल रहा है। राष्ट्रीय समानता दल विकास के मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रही है। पार्टी ने अपने एजेंडा में शिक्षा, रोजगार के साथ पिछड़े-दलित को समानता का अधिकार देने की बात कही है।

### कांग्रेसियों ने रास सांसद डॉ सैयद नासिर हुसैन का स्वागत

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक दूबे, लाल किशन नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू अपने समर्थकों के साथ कल इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित महारैली में शामिल होंगे। रैली की सफलता के लिए वरिष्ठ नेताओं द्वारा बैठक एवं जनसंपर्क कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में आयोजित रैली में आम जनों की भागीदारी का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह राज्यसभा सांसद डॉ सैयद नासिर हुसैन के रांची आगमन पर आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने एयरपोर्ट पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कांग्रेस नेता आलोक दूबे ने कहा इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित कल की रैली ऐतिहासिक रूप से सफल होगी जो लोकसभा चुनाव में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के सभी नेता शिरकत कर रहे हैं।

## राजद की लिस्ट में तेजप्रताप और तेजस्वी के नाम भी शामिल

# इंडी गठबंधन का मुकाबला एनडीए से, सीएम चंपई सोरेन, कल्पना समेत कई नेता होंगे झामुमो के स्टार प्रचारक!

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** झारखंड में इंडी गठबंधन का मुकाबला एनडीए से है। लोकसभा की 14 सीटों के लिए दोनों पार्टियों की ओर से अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है। कुछ सीट ही है, जहां इंडी गठबंधन ने अपने प्रत्याशी को नहीं उतार पाया है। मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन का सारा दारोमदार मुख्य रूप से कांग्रेस और झामुमो पर है, जो 14 लोकसभा में से 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। झामुमो के शिबू सोरेन बीमार हैं तो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। अब झामुमो के लिए स्टार प्रचारक के तौर पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन ही बच गयी है। जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य और प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी का स्टार प्रचारक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ-साथ इस बार लोकसभा चुनाव में कल्पना सोरेन स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगी। राजद प्रदेश अध्यक्ष से सूची पर सहमति मिलते ही लिस्ट को सार्वजनिक कर दिया जाएगा। आरजेडी से मिली जानकारी के अनुसार राजद के स्टार प्रचारकों की सूची में तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, भोला यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव सहित कई नेताओं के नाम शामिल हैं।

### शेर, पिंजरे में भी शेर ही होता है : झामुमो

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि साजिश रचकर उनके नेता को जेल भेजने के बावजूद आज भी राज्यवासी का एक ही नारा है, हेमंत है तो हिम्मत है। झामुमो का एक-एक कार्यकर्ता, एक-एक नेता पार्टी का बड़ा स्टार प्रचारक होगा। मनोज पांडेय ने कहा कि भले ही उनके नेता को भाजपा ने जेल में डाल दिया हो लेकिन शेर पिंजरे में भी रहता है तो भी शेर ही रहता है और लोमड़ी हमेशा लोमड़ी रहती है।

### कांग्रेस के प्रदेश स्तर से भी स्टार प्रचारकों की तैयार की जा रही सूची : जगदीश साहू

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने बताया कि कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर स्टार प्रचार के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित तमाम नेता हैं जो देश भर में चुनावी सभाएं कर रहे हैं, झारखंड में भी उनका चुनावी कार्यक्रम होगा। राजेश ठाकुर, आलमगीर आलम, बंधु तिर्की, गुंजन सिंह भी स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगे।

## पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम समेत दो उग्रवादी धराये, दो एके-47 बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के एरिया कमांडर सोमा हेंब्रम को पश्चिमी सिंहभूम के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र से पुलिस ने उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने उग्रवादियों के पास से 50 हजार नकद, दो एके-47 राइफल, एके-47 के 88 राउंड कारतूस, एक मोटरसाइकिल और छह मोबाइल बरामद किया है। सोमा हेंब्रम के खिलाफ झारखंड के कई थानों में 11 मामले दर्ज हैं।

पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि पीएलएफआई का एरिया कमांडर सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम अपने साथियों के साथ गोईलकेरा थाना क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में भ्रमणशील है और वहां के विकास कार्यों को बाधित करने की योजना बना रहा है। संवेदकों से लेवी मांग रहा है। इस सूचना का सत्यापन कर एसपी ने टीम का गठन किया।



### चिटिर पहाड़ी और आसपास छापेमारी अभियान चलाया

एसपी द्वारा गठित टीम ने गोईलकेरा थाना क्षेत्र के चिटिर पहाड़ी क्षेत्र और उसके आसपास अभियान शुरू किया। इसी क्रम मे सोमा हेम्ब्रम उर्फ नाजोम उनके हाथ लग गया। इस सिलसिले में गोईलकेरा थाना में कांड संख्या 15/24 दर्ज कर लिया गया है। दोनों उग्रवादियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए)/25(1-एए)/26(3)/35 और सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**बरामद हथियार**

एके-47 राइफल- दो , एके-47 राइफल की मैगजीन- तीन, एके-47 की गोली- 88 राउंड, नकद- 50 हजार रुपये, लेवी की रसीद, .315 बोर रायफल की गोली- 30 राउंड, हीरो मोटरसाइकिल- एक

मोबाइल फोन- छह

**खबर एक नजर में**

## घर में घुसी तेज रफ्तार कार,कई घायल

**रांची।** राजधानी में तेज रफ्तार से जा रही कार अनियंत्रित होकर एक घर में घुस गई। इस घटना में करीब छह लोग घायल हो गए। घटना शनिवार दोपहर की है। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के झारखंड पुलिस मुख्यालय के पास स्थित भोकड़ो पुल के पास हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजवाया और कार को कब्जे में ले लिया।

## ज्ञान सिन्हा बने केन्द्रीय सह प्रवक्ता



**रांची।** आजसू पार्टी ने रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा को पार्टी का केन्द्रीय सह प्रवक्ता नियुक्त किया है। इस आशय की जानकारी आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रधान सचिव रामचन्द्र सहिस ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी है। श्री सिन्हा पार्टी के वफादार, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता रहे हैं। बता दें कि आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर केन्द्रीय समिति का विस्तार किया गया, जिसमें श्री सिन्हा को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गयी है।

## राहुल कुजूर को बेल देने से कोर्ट का इनकार

**रांची।** राजधानी के बड़े बिल्डर और जमीन कारोबारी कमल भूषण और उसके अकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के दूसरे आरोपी डब्लू कुजूर के बाद उसके बेटे राहुल कुजूर को भी बेल देने से रांची सिविल कोर्ट ने इंकार कर दिया है। उसकी जमानत याचिका पर शनिवार को रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट में सुनवाई हुई। बताते चलें रांची के बड़े जमीन कारोबारी कमल भूषण की 30 मई 2022 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं उनके अकाउंटेंट संजय की हत्या 5 जुलाई 2023 को की गई थी। दोनों हत्याकांड में डब्लू कुजूर आरोपी है।

## जल संरक्षण को लेकर निगम में बैठक

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को जल संरक्षण को लेकर बैठक हुई। जिसमें विभिन्न एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों एवं वार्ड सुपरवाइजरों ने भाग लिया। उप प्रशासक ने सभी को जल संरक्षण एवं जल संचयन के बारे में बताया ।इससे संबंधित प्रचार-प्रसार करने को निर्देश दिया। लोगों को स्वीप के तहत वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का अनुरोध किया गया। बैठक में अनवर हुसैन, रविन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक लोक चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक अभियंता आदि उपस्थित थे।

## एएसपी निशा मुर्मू के आवास में आग लगी

**रांची।** झारखंड पुलिस में पदस्थापित एएसपी निशा मुर्मू के घर में आग लग गयी। घटना गोंदा थाना क्षेत्र के मिशन गली की है। शनिवार की दोपहर निशा मुर्मू के निजी आवास में अचानक ही आग लगने की घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी माहौल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल वाहन घर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। सदर डीएसपी संजीव बेसरा आग की सूचना पर वहां पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## दो बहनों के रेप केस में हाईकोर्ट जज ने लिया संज्ञान

**रांची।** रांची के मांडर थाना क्षेत्र की दो मौसेरी बहनों के साथ दुष्कर्म की घटना पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची को आदेश दिया है कि तत्काल पीड़िता व परिवार से मिलकर आवश्यक सहायता प्रदान करें। जिसके बाद पीएलवी सुमन ठाकुर और पम्मी देवी पीड़िता के घर जाकर उनसे मुलाकात की। फिर उन्हें दी जानेवाली विधिक सहायता व सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी। डालसा सचिव की ओर से झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत मुआवजा की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गयी है। दोनों पीड़िता को जल्द ही नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जायेगा। साथ ही सरकारी योजना का लाभ भी दिलाया जायेगा।

## 44 साल से फरार अभियुक्त ने कबूला जुर्म

**रांची।** सिविल कोर्ट में करीब चार दशक से ज्यादा पुराने मामले का निष्पादन शनिवार को हो गया। मटका खेलाने के अभियुक्त मंसूर आलम जो 44 साल से फरार था। उसने शनिवार को न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश बेहरा की अदालत में उपस्थित होकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद अदालत ने दोषी अभियुक्त को मामूली जुर्माना लगाया। अभियुक्त पर 1980 में मटका खेलने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने जांच पूरी करते हुए 17 सितंबर 1980 को अभियुक्त के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। चार्टशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए अभियुक्त मंसूर आलम के खिलाफ समन जारी किया था। अभियुक्त के फरार होने के बाद से यह मामला लंबित चल रहा था।

## एनडीए और नौसेना अकादमी परीक्षा आज

**रांची।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (क) एवं सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (क), 2024 रविवार को आयोजित की गयी है। सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (क) 2024 प्रथम पाली 09 :00 बजे पूर्वाह्न से 11 :00 बजे पूर्वाहन एवं द्वितीय पाली 12 :00 बजे दोपहर से 02 :00 बजे अपराह्न तक तथा तृतीय पाली 03 :00 बजे अपराह्न से 05 .00 बजे अपराह्न तक होगा। राष्ट्रीय रक्षा आकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा (क) 2024 प्रथम पाली 10 :00 बजे पूर्वाह्न से 12 :30 बजे अपराह्न एवं द्वितीय पाली 02 :00 बजे अपराह्न से 04 :30 बजे अपराह्न तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगा। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं एसएसपी द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर, रांची द्वारा धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गयी है।

### वीमेंस कॉलेज रांची में मतदान जागरुकता कार्यशाला में एंथम लॉन्च, उपायुक्त बोले

# वोट की कीमत समझें, मतदान जरूर करें



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वीमेंस कॉलेज रांची का सभागार शनिवार को 'वोट करेगा रांची' की आवाज से गूंज उठा। कॉलेज की छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मौका था, रांची वोटर्स ऐंथम की लॉन्चिंग का। थ्री टू वन की काउंटिंग के साथ मतदाता जागरुकता कार्यशाला में ऐंथम की लॉन्चिंग हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप-सह-उपविकास आयुक्त दिनेश यादव, वीमेंस कॉलेज की प्रिंसिपल, प्रोफेसर, कॉलेज की छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदाताओं को जागरुक करने और शहरी क्षेत्र में बेहतर मतदान प्रतिशत के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने कहा कि जिला की स्वीप टीम की ओर से मतदाताओं को जागरुक करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि रांची के मतदाता एक वोट के महत्व को समझें, खुद भी वोट करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान केन्द्र लेकर आयें। उन्होंने एक बार फिर से रांची वासियों से अपील करते हुए कहा कि अब भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। 25 अप्रैल 2024 तक बीएलओ एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर आवेदन दिया जा सकता है।

श्री सिन्हा छात्राओं का उत्साह देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि आप एक कदम आप चलें, हम दो कदम चलेंगे। वोटरों से 25 मई 2024 को अच्छी तादाद में अपने-अपने घरों से निकल वोट करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में इस बार मिसाल कायम करें।

### मतदाता जागरुकता का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर कलाकारों द्वारा भयमुक्त एवं बिना प्रभावित हुए मताधिकार के इस्तेमाल का संदेश दिया गया। कलाकरों से अपनी प्रस्तुति से बताया कि मतदान स्वस्थ एवं स्वच्छ लोकतंत्र के निर्माण में अति महत्वपूर्ण है एवं वोटिंग डे पर मतदान अवश्य करें।

### सही जवाब देनेवाले छात्राओं को मिला उपहार

कार्यक्रम के दौरान वीमेंस कॉलेज की छात्राओं से नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सवाल भी पूछे। हर बार सवालों के जवाब जानने वाली छात्राओं की संख्या देखकर आला अधिकारी काफी प्रभावित हुए। सही जवाब देने वाली कई छात्रओं को उपहार भी दिया गया।

### वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज

वीमेंस कॉलेज के सभी पात्र व्यक्ति एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर हो गया है। इस संबंध में कॉलेज की प्राचार्या ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा को घोषणा पत्र सौंपा। प्राचार्या ने बताया कि उनके कॉलेज में कार्यरत एवं अध्ययनरत सभी पात्र व्यक्तियों एवं छात्राओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कर लियाा गया है। श्री सिन्हा द्वारा इस पर खुशी जाहिर की गयी। उन्होंने कहा कि इसमें संबंधित बीएलओ का रोल महत्वपूर्ण रहा और भी शिक्षण संस्थानों में ऐसा किया जायेगा।

### लोगों को मतदान करने की दिलायी गयी शपथ


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व में जिम्मेदार नागरिक होने के साथ मतदान करने की शपथ दिलाई। आपको बतायें कि रांची वोटर्स ऐंथम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिन्हा एवं नोडल ऑफिसर स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश यादव के मार्गदर्शन में तैयार किया गया। आवाज नेहा कौर एवं पार्थ गांधी की है जबकि क्रिएटिव डॉयरेक्शन शादाब हसन ने किया है।

# मच्छरों के आंतक से बीमारी का खतरा बढ़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गर्मी का मौसम आते ही शहर में मच्छरों का आंतक बढ़ गया है। शाम होते ही घरों में मच्छरों का आतंक अपने चरम पर रहता है। जिससे लोगों में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। नगर निगम के लाख कोशिश के बावजूद मच्छरों का आंतक कम नहीं हो रहा है। आलम यह है कि रात नहीं, दिन में भी इसका डंक जारी रहता है। घर हो या दुकान, हर जगह मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। सुबह हो या शाम, मच्छरों का हमला शुरू हो जाता है। हालांकि राजधानी के कई मोहल्ले में नालियां गंदे पानी से उफनती नजर आती हैं और वह पानी सड़क पर बहता रहता है। इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है।

### पूरे विश्व में मच्छरों के काटने से हर साल 10 लाख लोगों की होती है मौत: डब्लूएचओ



आप को बताते चलें की विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक पूरी दुनिया में सिर्फ मच्छरों के काटने से हर साल 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है।

### पूरे शहरी क्षेत्र में होती है फॉगिंग : डॉ किरण

नगर निगम की हेल्थ अधिकारी डॉक्टर किरण ने बताया कि पूरे शहरी क्षेत्र में फॉगिंग का काम रेगुलर किया जाता है। क्षेत्र में दो तरह के छिड़काव होते हैं। कोल्ड छिड़काव जिसके लिए हमारे पास 8 गाड़ियां हैं और एक धुआं देकर छिड़काव किया जाता है उसके लिए हमारे पास दो गाड़ियां है। सभी गाड़ियों का रोस्टर बना हुआ है। इसके अलावा कि सी को लगता है कि हमारे मोहल्ले में छिड़काव की आवश्का है तो नगर निगम के कंट्रोल रूम में 9431104429 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने आम जनता से भी अपने आस-पास सफाई रखने की अपील की।

### निगम और जनता जिम्मेदार : देवराज सिंह

समाजिक कार्यकर्ता देवराज सिंह का कहना है कि मच्छरों पर पूरी तरह नियंत्रण पाने में नगर निगम के साथ-साथ आम जनता की भी जिम्मेवारी है कि अपने आसपास की सफाई रखें। यह सही है कि नगर निगम हर मोहल्ले में फागिंग की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है लेकिन आम जनता और वार्ड पार्षद की भी यह जिम्मेवारी है कि अपने मोहल्ले और वार्ड की सफाई का ध्यान रखें। अगर इसी तरह गंदगी बढ़ती चली गई तो आने वाले दिन और भी भयावक होगा।

## मॉल में आये लोगों ने मंत्रमुग्ध होकर देखा नुक्कड़ नाटक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची उत्कर्ष कुमार के सहयोग से स्वीप के तहत जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को न्यूक्लियस मॉल रांची में संत जेवियर कॉलेज रांची के छात्रों ने बेहद ही आकर्षक तरीके से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

**नाटक के जरिए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया :** संत जेवियर कॉलेज रांची के छात्रों द्वारा नाटक के जरिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें एक वोट की ताकत से रुबरू कराया। नाटक के दौरान लोगों में काफी उत्साह था। उन्होंने मतदान करने का भरोसा दिया, साथ ही कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों को जानकारी मिलती है। वे मतदान 25 मई 2024 को करने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

## आरयू मास कॉम विभाग के फेयरवेल में म्यूजिक पर बच्चों ने दर्शकों को झुमाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी के मास कॉम डिपार्टमेंट में शनिवार को मेमोरीज तो माइलस्टोन फ्रेशर्स कम फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें डांस परफॉर्मेंस, रैंप वॉक सिंगिंग और शायरी जैसे कई कार्यक्रम अयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में मास कॉम के स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यकम के आयोजन में पोस्ट ग्रेजुएट की छात्र- छात्राएं पूनम, आस्था, आकाश, रितिका व अन्य ने सराहनीय भूमिका निभायी। कार्यक्रम का मुख्य रोमांचक पहलू था- मिस एवं मिस्टर फ्रेशर और फेयरवेल का चुने जाना। इसमें यूजी के छात्र यश कुमार और पीजी के छात्र आशीष कुल्लू एमआर फ्रैशर बने और यूजी की छात्रा अनीशा कुमारी और पीजी की छात्रा निप्पी कुमारी मिस फ्रेशर बनी। वहीं मिस्टर और मिस फेयरवेल के लिए संदीप नाग और रश्मि कुमारी चुने गए। कार्यकर्म की एंकर कीर्ति चौहान और ममता कुमारी थीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों के साथ-साथ फैकल्टी का भी सराहनीय सपोर्ट मिला। कार्यक्रम में मास कॉम के डायरेक्टर फैकल्टी विष्णु, संकर्षन और तिवारी जी का भी सहयोग मिला। कई घंटों तक चले इस कार्यक्रम में मास कॉम के विद्यार्थियों ने खुब वाहवाही बटोरी।

### संदीप को मिस्टर और रश्मि को मिस फेयरवेल का ताज, यूजी के यश और पीजी के आशीष बने मिस्टर और अनीशा व निप्पी कुमारी बनी मिस फ्रेशर

## कार्मिक विभाग ने सचिवालय सेवा में पद कटौती का प्रस्ताव तैयार किया, विरोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के कार्यकारिणी की आपात बैठक ध्रुव प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को नेपाल हाउस सचिवालय में हुई। कार्मिक विभाग द्वारा सचिवालय सेवा के उपसचिव व संयुक्त सचिव के पद सृजन की संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति से वापस मांगे जाने तथा विभिन्न पदों की कटौती का प्रस्ताव लाने के विरुद्ध यह बैठक आहूत की गई थी। ध्रुव प्रसाद ने बताया कि बैठक में कार्मिक विभाग द्वारा तर्कहीन तथा मनमाने तरीके से पदों की कटौती संबंधी प्रस्ताव पर आपत्ति जतायी गयी। बताते चलें कि केन्द्रीय सेवा शर्तों के अनुरूप झारखंड सचिवालय सेवा के प्रवर कोटि के पदों के सृजन को पिछले डेढ़ साल से संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति के समक्ष विचाराधीन थी। इस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का अनुमोदन प्राप्त है। इस संबंध में संघ द्वारा कई बार वित्त सचिव, कार्मिक सचिव, मुख्य सचिव तथा मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की गई, परन्तु कार्मिक विभाग द्वारा पद सृजन की संचिका प्रशासी पदवर्ग समिति से वापस मांग ली गई है। पद सृजन के विपरीत कार्मिक विभाग द्वारा पदों में कटौती का प्रस्ताव लाया गया है, जो अत्यंत निंदनीय है।

मालूम हो कि झारखण्ड सरकार केंद्रीय सचिवालय सेवा के अनुरूप सेवा शर्त, वेतनमान तथा पदसंरचना राज्य सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों को देने के लिए कृतसंकल्प है। झारखंड गठन के प›ात कार्य में हुए वृद्धि के अनुपात में सचिवालय सेवा के पदों में वृद्धि नहीं हुई है। एक तरफ सचिवालय में बाह्य सेवा के पदाधिकारियों, अनुबंध तथा प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत पदाधिकारियों के क्रियाकलापों से सचिवालय के कार्यों में गुणात्मक ह्रास हो रहा है और इसकी गरिमा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी तरफ सचिवालय सेवा के पदाधिकारी कार्य के बोझ तले दबे हुए हैं। इस कारण उनके कार्य दक्षता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## बिल्डर ने बास्कीनाथ अपार्टमेंट का गार्ड रूम बेचा, नोटिस जारी

**रांची।** राजधानी के एक बिल्डर ने हजारीबाग रोड के मुक्ति शरण लेने स्थित बास्की नाथ अपार्टमेंट के गार्ड रूम को ही बेच दिया। इसकी शिकायत सोसायटी के लोगों ने रांची नगर निगम से की थी। इसके बाद रांची नगर निगम की ओर से मामले की जांच की गयी। अपर नगर आयुक्त सौरभ प्रसाद के आदेश पर निगम के जूनियर इंजीनियर ने अपार्टमेंट का भौतिक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में उन्होंने निर्मित भवन के स्वीकृत प्लान अनुरूप गार्ड रूम, शौचालय एवं जनरेटर रूम को देखा और पाया कि इसकी बिक्री कर दी गई है। यह झारखंड फ्लैट स्वामित्व अधिनियम 2011 नियमावली के विरुद्ध है। यह कृत्य झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 का घोर उल्लंघन है। इसे गंभीरता से लेते हुए अपर नगर आयुक्त सौरभ प्रसाद ने बिल्डर को शो-कॉज नोटिस किया है। उन्हें 7 दिनों के भीतर सुस्पष्ट करने को कहा है कि क्यों नहीं प्रश्नगत भवन में स्वीकृत भवन प्लान में आदर्श गए वर्णित स्थल को बिक्री करने के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाए।

## पति पर लगाया था रेप का आरोप सिविल कोर्ट ने किया आरोप मुक्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सिविल कोर्ट ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करते हुए पत्नी द्वारा पति पर बार-बार रेप करने के लगे सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। मालूम हो कि अनिरुद्ध लकड़ा पर उसकी पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में शादी के बाद बार-बार रेप का आरोप लगाया था। जांच के बाद जांच अधिकारी ने चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान भी लिया था। इसके बाद आरोपी ने रांची सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय की कोर्ट में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। इस मामले में सरकार और अनिरुद्ध की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने पति के डिस्चार्ज पिटीशन को स्वीकार कर लिया। डिस्चार्ज पिटीशन स्वीकार होने से अनिरुद्ध अपनी पत्नी द्वारा लगाए गयी सभी आरोपों से मुक्त हो गया है और अब उसके खिलाफ ट्रायल नहीं चलेगा।

**डोरंडा थाना में दर्ज हुआ था मामला :** बताते चलें कि अनिरुद्ध पर रांची के डोरंडा थाना में वर्ष 2021 में कांड संख्या 288 दर्ज करायी गई थी। आरोपी अनिरुद्ध की ओर से अधिवक्ता सूरज वर्मा ने इस मामले में बहस की। उन्होंने अपनी दलील में झारखंड हाईकोर्ट के कई आदेशों का हवाला देते हुए डिस्चार्ज पिटीशन स्वीकार करने का आग्रह कोर्ट से किया। वहीं राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक अनिल सिंह ने बहस करते हुए आरोपी के वकील द्वारा पेश की गई दलीलों का पुरजोर विरोध किया।

# आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र में मोदी सरकार विफल : लोकतंत्र बचाओ मोर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एनडीए सरकार के 10 साल के दावे-आंकड़े और तथ्य पर विचार व्यक्त करते हुए अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज और रीतिका खेड़ा ने सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र में मोदी सरकार को विफल बताते हुए यूपीए सरकार के कामकाज से तुलनात्मक ब्योरा प्रस्तुत किया।

**रोजगार के मुद्दे पर मोदी सरकार विफल : जयां द्रेज**

लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान के बैनर तले शनिवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में ज्यां द्रेज ने कहा कि जिस दर से पिछले 10 वर्षों में महंगाई बढ़ी है, उस हिसाब से मजदूरी दर नहीं बढ़ी है। मोदी सरकार को रोजगार के मुद्दे पर विफल बताते हुए ज्यां द्रेज ने कहा कि देश-दुनिया में भारत की जीडीपी के बारे में बहुत ही बढ़ा-चढ़ाकर बातें की जाती हैं, लेकिन हकीकत कुछ और ही है।

**आईसीडीएस कार्यक्रमों को एनडीए ने किया कमजोर :** ज्यां द्रेज ने कहा कि 2014 में जैसे ही मोदी सरकार सत्ता में आई, पीडीएस, नरेगा, मातृत्व लाभ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और आईसीडीएस एवं बाल पोषण योजनाओं को कमजोर कर दिया गया।

**केंद्र सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को किया नजरअंदाज: रीतिका खेड़ा :** अर्थशास्त्री रीतिका खेड़ा ने सामाजिक सुरक्षा पर केंद्रीय योजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया है। यही वजह है कि सामाजिक सुरक्षा के तहत दी जाने वाली पेंशन में केंद्र की हिस्सेदारी महज 200 रुपए है। पिछले 16 वर्षों से इसमें कोई बदलाव नहीं हुए हैं। सामाजिक सुरक्षा के तहत दिए जानेवाले मुफ्त राशन का जिक्र करते हुए रीतिका खेड़ा ने कहा कि वर्तमान में 80 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुक हैं। यदि 2021 की जनगणना हो जाती तो करीब 10 करोड़ और लोग जुड़ जाते। इस वजह से झारखंड के 44 लाख लोग वंचित हो रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत दी जाने वाली राशि बेहद कम :** रीतिका खेड़ा ने कहा कि केंद्र के द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना की राशि इतनी कम है कि इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। एक सरकारी सेवक महिला को तो छह महीने तक इस योजना के तहत वेतन और अन्य सुविधा हर महीने घर बैठे मिलती रहेगी, लेकिन हमें उनके बारे में भी सोचना होगा जो गर्भवती होने के कारण घर बैठने के लिए मजबूर हो जाती हैं। सरकार द्वारा निर्धारित राशि भी लेने में इन्हें कई तरह की परेशानी होती हैं।

## ड्रग सप्लाई करने वाले गिरोह का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

### 20500 रुपये नगद, 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करनेवाले सरगना समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक बाइक, 1.56 ग्राम ब्राउन शुगर, 20500 नगद समेत अन्य समान जब्त किया है। जब पुलिस इनलोगों को पकड़ कर हाजत में डाला तो एक आरोपी हाजत में ही छटपटाने लगा। हाजत में पुलिस ने थोड़ा सा ब्राउन शुगर चटाया तो वह शांत हुआ।

राजधानी में ब्राउन शुगर के कारोबार में अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े होने को जानकारी मिली है। गिरफ्तार आरोपियों में सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के आनंदपुरी निवासी मुकेश राय, विद्यानगर निवासी मुकेश तिर्की और रंजन कुमार सिंह के नाम शामिल है। बिहार के वैशाली जिले के हरशिवनागर के रहनेवाला मुकेश राय सरगना है। वह बिहार के सासाराम से ब्राउन शुगर मंगवाता था। इसके बाद घूम घूम कर ब्राउन शुगर बेचता था। उसकी एक किराना की दुकान है, उस दुकान में भी बेचता था। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में बड़ा पुल के पास कुछ लोग प्रतिबंधित नशीला पदार्थ का अवैध रूप से खरीद बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में छापामारी टीम ने मौके पर पहुंच तीनों को पकड़ा। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया। मुकेश राय, मुकेश तिर्की ओर रंजन सिंह पहले भी एनडीपीएस मामले में जेल जा चुके हैं।

# दिनेश गोप के सहयोगी नीलांबर समेत पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी पर सीसीए

## सलाखों के बाहर 130 उग्रवादी पर खूंटी पुलिस की निगरानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खूंटी पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पैनी नजर रख रही है। खूंटी पुलिस पीएलएफआई के तीन उग्रवादी पर सीसीए के तहत कार्रवाई की है। इसमें पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का सहयोगी नीलांबर गोप, श्रवण गोप और विश्राम कोगाड़ी का नाम शामिल है। तीनों उग्रवादी फिलहाल जेल में बंद है। कुछ मामले में इन तीनों को कोर्ट से जमानत मिली थी। अब सीसीए लगने से एक वर्ष तक जेल से रिहा नहीं हो सकेगा। तीनों उग्रवादियों को पुलिस ने बीते साल गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दिनेश गोप का खास सहयोगी नीलांबर गोप को पुलिस ने खूंटी के रनिया थाना क्षेत्र से जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ में घायल दिनेश गोप का नीलांबर इलाज कराया था। नीलांबर दिनेश गोप से नेपाल मिलने पहुंचता था। वहीं, श्रवण गोप और विश्राम कोंगाड़ी एरिया कमांडर जोहन टोपनो का नजदीकी रहा है।

### जेल के बाहर उग्रवादियों की निगरानी के लिये किया गया भौतिक सत्यापन

लोकसभा चुनाव को लेकर जेल की सलाखों से बाहर उग्रवादियों के हर गतिविधि पर खूंटी पुलिस नजर रख रही है। चुनाव को लेकर पुलिस महकमा चौकन्ना है और वह नहीं चाहता है कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी की शिकायत मिले। इसलिए ऐहतियात बरतते हुए जेल से रिहा उग्रवादियों की गतिविधियों पर पूरी तरह से नजर रखने के लिये भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। पूर्व के कांड में आरोपित या जेल से छूटे उग्रवादियों के घर पर पहुंच कर पुलिस भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। खूंटी पुलिस करीब 130 उग्रवादियों का भौतिक सत्यापन किया है।खूंटी एसपी अमन कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पीएएलएफआई उग्रवादियों की निगरानी की जा रही है। तीन उग्रवादियों पर सीसीए के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं, करीब 130 उग्रवादियों का भौतिक सत्यापन किया गया है। परमानेंट वारंटी समेत अन्य उग्रवादियों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

# सामाजिक एवं जनसेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रहा अग्रवाल सभा : ओम प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** अग्रवाल सभा सामाजिक एवं जनसेवा का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। ये बातें शनिवार को अग्रवाल सभा द्वारा संचालित महाराजा अग्रसेन भवन मे बहुउद्देशीय सभागार के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल ने कही। मौके पर अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रसेन भवन के आधुनिकरण हेतु निरंतर प्रयत्नशील है, इसी क्रम में भवन के आधार तल्ला मे एक बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण कराया गया है। तथा और भी कई जन उपयोगी कार्य कराए जा रहे हैं। समारोह का संचालन अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार ने किया। इस मौके पर अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ , विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार,प्रमोद कुमार अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, अजय डीडवानिया, विजय खोवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, कमल खेतावत, संजय सर्राफ, कौशल राजगढ़िया, नरेश बंका, मनोज रूईया, शिवकुमार भावसिंहका, सुनील पोद्दार, राजकुमार मित्तल, विनोद टिबडेवाल ,सुरेश चौधरी, जितेश अग्रवाल, सुरेश पोद्दार, सौरभ बजाज, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पासवा की बैठक कल

**रांची।** झारखंड प्रदेश पासवा प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक रविवार की सुबह 11 से होटल शिवानी इंटरनेशनल हीनू में आयोजित की गई है। प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पासवा प्रदेश कमेटी के गठन एवं संगठनात्मक मजबूती, आरटीई संशोधित कानून 2019 को निरस्त कर संबद्धता का मार्ग प्रशस्त करने को लेकर, 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों के संचालन की समय सारणी को लेकर चर्चा की जाएगी। रविवार को होने वाली बैठक को लेकर पासवा कोर कमेटी की शनिवार को बैठक हुई। बैठक में एजेंडे को अंतिम रूप दिया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए पासवा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पासवा शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आगामी चुनाव को देखते हुए राजनीतिक प्रस्ताव भी पारित करेगा। कोर कमेटी की बैठक में आलोक कुमार दूबे, अरविंद कुमार, डॉ. सुषमा केरकेप्पा, संजय प्रसाद, मुजाहिद इस्लाम, आलोक विपिन टोप्पो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने की गौ सेवा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** समर्पण शाखा ने शनिवार को गौ सेवा की गो सेवा कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन हरमू रोड़ गौशाला में किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल का विशेष योगदान रहा।

मौके पर शुभा अग्रवाल , आशा संथोलिया ,डोली बंसल , रितु पोद्दार , कोमल पोद्दार , पूजा तोदी मौजूद थी।

## सीएम से मिले ट्रस्ट के लोगों को मिला आश्वासन

# सुतियाम्बेगढ़ की 70 एकड़ जमीन पर से अवैध कब्जा हटेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिठौरिया के सुतियाम्बेगढ़ की जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने की मांग तेज हो गई है। महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट ने इस मामले को लेकर शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से भेंट की। संगठन के प्रतिनिधियों ने सीएम को सुतियाम्बेगढ़ के 44 प्रमुख पूजा स्थल की सूची सौंपी। बताया कि अतिक्रमित प्रमुख स्थल मुड़हर पहाड़ की 61 एकड़, गढ़वारी पांच एकड़, सूर्य मंडा तीन एकड़ और कोम्पाट की 30 डिसमील जमीन पर स्थानीय लोगों ने कालांतर में अतिक्रमण कर अवैध कब्जा कर लिया है। इस पर सीएम की ओर से आश्वासन मिला कि अवैध कब्जा हटाये जायेंगे।

### महाराजा मदरा मुंडा की जयंती कार्यक्रम 23 को

महाराजा मदरा मुंडा की सुतियाम्बेगढ़ पर 23 अप्रैल को जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम में सीएम चम्पाई सोरेन शामिल होंगे। न्यास ट्रस्ट के पहलवान मुंडा एवं सोमा उरांव के आग्रह पर उन्होंने आमंत्रण स्वीकार किया है। वे समारोह में शामिल होकर मरंग बुरू के पिलचु हड़ामा एवं बुढ़ही से आशीर्वाद लेंगे। सीएम ने भरोसा दिलाया है कि सभी धार्मिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कराकर संरक्षित किया जाएगा और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। संगठन की ओर से 22 अप्रैल से दो दिनी महोत्सव का आयोजन होगा। सभी कार्यक्रम प्रदीप पाहन के नेतृत्व में होगा। इधर, महोत्सव के आयोजन को लेकर चल रही तैयारी में महेश्वर पाहन, प्रवीण पाहन, बलराम मंडा, सूरज मुंडा, विकास मुंडा, जगत मुंडा, डॉ प्रदीप मुंडा, जीतू साहू, पूरन गोप, मधु साहू, पंचम पाहन, विनोद गोप, राजेंद्र सिंह मुंडा, राम लगन महली, मधुसूदन महली, विश्वनाथ मुंडा, विमल पाहन, गुरुचरण मुंडा, ग्राम प्रधान शिव शंकर मुंडा, ग्राम प्रधान राम लगन मुंडा, रामकिसुन लोहारा, कैलाश महतो समेत अन्य जुटे हुए हैं।

## खबर एक नजर में

### झारखंड में वैश्यों को टिकट देने पर पुनर्विचार करे कांग्रेस : राजेश गुप्ता

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी ने राहुल गांधी के राजनीतिक हिस्सेदारी देने की घोषणा में लगाया डेंट। आगे कैसे सामाजिक न्याय पर होगा विश्वास? केंद्रीय नेतृत्व फिर से इस पर पुनर्विचार करें। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने शनिवार को कही। श्री गुप्ता ने कहा की झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने 65% आबादीवाले वैश्य, पिछड़ा, अल्पसंख्यक समुदाय को मात्र एक लोकसभा का टिकट दिया है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूरे देश में यात्रा कर समस्त देश के नागरिकों में सामाजिक न्याय और राजनीतिक हिस्सेदारी देने की बातों को पुरजोर उठाया था। यही कारण है कि राष्ट्रीय स्तर पर माहौल पक्ष में बन गया है। लेकिन झारखंड में यह माहौल में डेंट लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व और रायपुर में कांग्रेस के अधिवेशन में लिए गए निर्णय के विरुद्ध झारखंड प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष पांच लोकसभा में मात्र एक ही पर ओबीसी उम्मीदवार को टिकट दी गई है। तीन लोक सभा सीटों पर अगड़ी जातियों को और एक सीट पर अभी घोषणा होना बाकी है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने 8 सामान्य वर्ग के सीटों में 6 सीटों पर ओबीसी वैश्य उम्मीदवार दिए हैं। इससे झारखंड प्रदेश में भाजपा भारी पड़ेगा। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा इंडिया गठबंधन के घटक दलों से मांग करता है कि टिकट बंटवारे में ओबीसी, वैश्य व अल्पसंख्यकों की गई अनदेखी पर पुनर्विचार हो।

### डीएवी हेहल के बच्चों को दी गयीं कृमिनाशक दवा



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में शनिवार को बेरोजगार कल्याण संघ व झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को चरणबद्ध क्रम में कृमिनाशक दवाई 'एल्बेंडाजोल' की प्रथम खुराक खिलाई गई। ताकि बच्चों को कृमि से होने वाली बीमारी से बचाया जा सके। विद्यालय के प्राचार्य सह–सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एस० के० मिश्रा ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण व्यक्तिगत स्वच्छता की कमी,कच्चा और दूषित भोजन,अधिक मिठाई और जंक फूड का सेवन करने से होता है। अभिभावकों को इस बात का हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने बच्चों को साफ–सुथरा एवं पौष्टिक भोजन ही दें,जिससे वे हमेशा स्वस्थ रह सकें और उनकी पढ़ाई अबाध गति से चलती रहे। इस मौके पर बेरोजगार संघ की ओर से अनिता जायसवाल,अजंता कुमारी एवं शिक्षक राकेश निगम मौजूद थे।

# इंडियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के पदाधिकारियों ने राजद का दामन थामा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में शनिवार को आयोजित समारोह में इंडियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष साजिद आलम के नेतृत्व में महासचिव जसीम अख्तर, शबनम खातून के साथ तमाम पदाधिकारियों ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कु सिंह यादव ने इंडियन मुस्लिम लीग के अध्यक्ष साजिद आलम, महासचिव जसीम अख्तर सहित तमाम पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और कहा की पार्टी में सभी को सम्मान मिलेगा। इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि इंडियन मुस्लिम लीग के सभी लोग राजद के विचारधारा और राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव एवं यूथ आइकॉन तेजस्वी यादव के नीतियों का अपनाकर पार्टी में शामिल होकर राजद को मजबूती प्रदान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अल्पंख्यक समाज से राजद परिवार का पुराना नाता रहा है। राजद इस रिस्ते को टूटने नहीं देगा।

शामिल होने वालों में अब्दुल कयूम अंसारी, संजर खान, अजहर आलम, मो.साहिद, फैजान खान, मौलाना असफाक नौशाद, मोहम्मद शोएब, इसराइल अंसारी प्रमुख है। मौके पर पार्टी की ओर से उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, कमलेश यादव, सुधीर गोप, शेखर भगत, इरफान अंसारी, शाहिल, शब्बर फातमी, शालिग्राम पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### विश्वविद्यालय और महाविद्यालय प्रशासन की गलती का खामियाजा भुगत रहे हैं छात्र : आजसू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में प्राचार्य मनोज कुमार से मुलाकात कर उन्हें बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं की समस्या से अवगत कराया। मौके पर महाविद्यालय अध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं की समस्या से संबंधित मांग पत्र सौंपते हुए कहा कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के लापरवाही के कारण बायोटेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। जल्द ही मांग पूरा नहीं किया गया तो छात्र आजसू आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### राहत सोसाइटी द्वारा हज ट्रेनिंग कैंप 27 को

**रांची।** राहत सोसाइटी परास्टोली डोरंडा रांची की जानिब से आजमीने हज के लिए ट्रेनिंग कैंप का आयोजन 27 अप्रैल दिन शनिवार को डोरंडा परास्टोली स्तिथ निर्मला कॉलेज के समीप किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9.30 बजे से किया जाएगा। जिसमें हज की तरबियत और हज से संबंधित दीगर मालूमात मारूफ वा मशहूर ट्रेनर जनाब हाजी कौशर साहेब अंजाम देंगे। इसमें खवातीन (महिलाओं)का इंतजाम भी अलग से रखा गया है। ये जानकारी राहत सोसाइटी के सेक्रेटरी ने दिया।

### श्री महावीर मंडल की बैठक संपन्न

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के प्रांगण में श्री महावीर मंडल राँची के अंतर्गत पड़ने वाले अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ की अहम बैठक शनिवार को मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । उन्होंने बताया कि बैठक में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राजधानी के सभी मंदिरों एवं अखाड़ो में दीपोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। दीपोत्सव को सफल बनाने के लिए 9 छेत्रिय प्रभारी नियुक्त किये गए है,जिनके नेतृत्व में दीपोत्सव को सफल बनाया जाएगा।

### श्री श्याम मित्र मंडल ने आयोजित किया भंडारा



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने श्री श्याम मंदिर शनिवार को 108 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। 108 वे श्री श्याम भंडारा का समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया एवं हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारे लग गई। खाटू नरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। श्री श्याम भंडारे में पुलाव पूड़ी पंचमेला मिक्स सब्जी खीर चूरमा केसरिया जलेबी आम का शरबत का प्रसाद मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के दिशा निर्देश में श्री श्याम मंदिर में निर्मित किया गया था। लगभग 2500 से ज्यादा भक्त जनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, अनिल नारनौली, पूर्व सांसद अजय मारू, वेद भूषण जैन, पप्पू रंजना जैन सहित अन्य लोग शामिल थे।

## गोड्डा प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर जुटे इलाके के हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता, दिया अल्टीमेटम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दुमका जिला के जरमुंडी प्रखंड व सरैयाहाट प्रखंड के प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर वो बूथ स्तर तक के प्रमुख कांग्रेसी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने गोड्डा लोकसभा के घोषित प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह के विरुद्ध बैठक की एवं प्रत्याशी बदलने की मांग की। इस बैठक में सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक की मुख्य मांग थी की गोड्डा लोकसभा में पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार दीपिका पांडेय को बदलकर किसी अल्पसंख्यक या फिर पिछड़ा समाज के नेता को उम्मीदवार बनाया जाये, क्योंकि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ों की आबादी 90% है। इसमे अल्पसंख्यक मुस्लिम करीब 18% एवं यादवों की जनसंख्या करीब 14% हैं। नेताओं ने अपने भाषण में कहा की हमारे नेता राहुल गांधी का नारा है कि जिसकी जितनी साझेदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जबकि झारखण्ड में इसके उलट हो रहा है।

झारखण्ड में 14 सीट में से न तो किसी अल्पसंख्यक को कोई टिकट दिया गया और न ही किसी यादव समाज को टिकट मिला, जबकि इस समाज का 90% वोट कांग्रेस एवं सहयोगी दल को जाता है। नेताओं ने कहा कि गोड्डा लोकसभा में टिकट देने में गलती हुई है, जिसे वक्त रहते सुधार लेना चाहिए। बैठक में सभी ने यह अल्टीमेटम दिया है कि यदि घोषित उम्मीदवार को बदलकर पिछड़ा समाज या अल्पसंख्यक समाज से नया प्रत्याशी नहीं दिया गया तो हम सभी इस्तीफा देने पर मजबूर होंगे। बैठक में मुख्य रूप से सरैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव, रामदिवस जयसवाल, मतीन अंसारी, चंद्रशेखर यादव, सुबोध मिश्रा, प्रमुख मरीक, प्रेम शर्मा, सुबोध यादव, कमरूल हक, राधा हेंब्रम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में मेधावी छात्रों का अभिनन्दन समारोह



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल ने मेधावी छात्रों को शनिवार को ट्रॉफीस, मेडल्स एवं सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया गया। अभिनन्दन समारोह छात्रों के कठिन परिश्रम, अनुशासन तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लि सम्मानित किया गया। छात्रों को मुख्य अतिथि राजेन्द्र बुधिया ने सम्मानित किया। विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों के कठिन परिश्रम को दशार्ने के लिए आयोजित किए जाते हैं जिनसे प्रेरित होकर अन्य छात्र भी उनका अनुकरण कर आदर्श स्थापित कर सके। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन से छात्र केवल अपनी पहचान ही स्थापित नहीं करते बल्कि वे सुयोग्य नागरिक बन देश और समाज को प्रगति की दिशा में ले जाते हैं। विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया।

# सीसीएल मुख्यालय में आइएसटीडी का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची के कन्वेंशन सेंटर में इम्पावरिंग एचआर फॉर इम्ब्रेसिंग न्यू टेक्नालॉजी फॉर सस्टनेबुल डेवलपमेंट विषय पर इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन का समापन शनिवार को हुआ। कांफ्रेंस तीन सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में प्रतिभा प्रबंधन के माध्यम से मानव संसाधन उत्कृष्टता का प्रबंधन पर चर्चा हुई। निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल मुरली कृष्ण रमैया ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में मानव संसाधन में प्रतिभा प्रबंधन पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, संजीव शेखर ने विषय विशेष पर व्याख्यान दिया। वहीं प्रोफेसर वैष्णवी जगदीश साहू ने सबके सम्मुख रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। इस सत्र के समन्वयक पूर्व महाप्रबंधक, सेल, डॉ. हरिहरन थे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता निदेशक (तकनीकी), मेकॉन अमित राज ने की। इस सत्र में मानव संसाधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्रौद्योगिकी के नए आयाम पर चर्चा हुई। इस सत्र में सुजुकी के मानव संसाधन के प्रमुख मुशर्रत हुसैन एवं टाटा कंसल्टेंसी के शरत चंद्रा ने उपरोक्त विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत की। डॉ. कुमार मोहित स्प्रिंग ने विषय विशेष रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र की अध्यक्षता पूर्व सीएमडी, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड,अरुण कुमार शुक्ल ने की। इस सत्र का विषय सस्टेनाबिलिटी एण्ड एक्सपोंटेशियल ग्रोथ था। इस सत्र में कार्यकारी निदेशक, आईआईसीएम, डॉ. कामाक्षी रमन एवं डॉ. रोहित कुमार ने संबंधित विषय पर व्याख्यान दी। कार्यक्रम के समापन समारोह में झारखण्ड टेक्निकल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीके सिंह, राष्ट्रीय ट्रेजरर, आईएसटीडी,एन. पाणी एवं निदेशक (कार्मिक), सीसीएल हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे। हर्ष नाथ मिश्र ने सभी वक्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सम्मेलन का आयोजन का उद्देश्य मानव संसाधन विकास एवं प्रबंधन के क्षेत्र में आ रहे तकनीकी परवर्तनों से प्रतिभागियों को अवगत कराना था। सभी प्रतिभागियों को इस दो दिवसीय सम्मेलन के व्याख्यान एवं रिसर्च पेपर प्रस्तुतीकरण से नि्रित रूप से लाभ होगा। उन्होंने आगे कहा कि तकनीकों के इस्तेमाल के बावजूद भी सफलता हेतु ह्यूमन टच जरूरी है। सम्मेलन में विभिन्न कंपनियों के प्रतिभागियों एवं रांची के शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने शिरकत की।

### एनएसयूआइ की एक दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक संपन्न




**रांची।** एनएसयूआई के एक दिवसीय कार्यकारिणी बैठक शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। जिसमें मुख्य रूप से एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी कुणाल सहरावत उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा छात्रों को संगठन से जोड़ने को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने किया। मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा, ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, एनएसयूआई के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, विश्वविद्यालय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समय संवाद

अभी कुछ दिन पहले सरकार ने बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम करने का एक ऐसा फैसला लिया था जिसे चौबीस घंटों से भी कम समय में ही वापस लेने की घोषणा वित्तमंत्री को करनी पड़ी। भारत में अगर कर प्रणाली की बात करें तो मनुस्मृति और वेदों से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इसका स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित उल्लेख मिलता है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में राजा के द्वारा लिए गए कर एवं राजस्व पद्धति की व्याख्या राजा के शासन संबंधी सेवाओं के वेतन के रूप में किया गया था।कृषकों से प्राप्त राशि को बलि तथा विक्रय वस्तु से प्राप्त राशि को शुल्क कहा जाता था जो सामान्यत: उसके मूल्य का छटवां अथवा आठवां हिस्सा होता था। वहीं कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी विस्तारपूर्वक राजकीय आय के स्रोतों का वर्णन किया गया है।

# देश कर वसूली में आगे नागरिक सुविधा में पीछे

**डॉ. नीलम महेंद्र**

**कर** प्रणाली की बात करें तो मनुस्मृति और वेदों से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र में इसका स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित उल्लेख मिलता है। भारत के प्राचीन ग्रंथों में राजा के द्वारा लिए गए कर एवं राजस्व पद्धति की व्याख्या राजा के शासन संबंधी सेवाओं के वेतन के रूप में किया गया था। वैदिक काल में भी ग्राम वासियों द्वारा कृषि एवं पशु संपति पर एक निर्धारित राशि बलि के रूप में चुकाई जाती थी। कृषकों से प्राप्त राशि को बलि तथा विक्रय वस्तु से प्राप्त राशि को शुल्क कहा जाता था जो सामान्यतः उसके मूल्य का छटवां अथवा आठवां हिस्सा होता था। वहीं कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी विस्तारपूर्वक राजकीय आय के स्रोतों का वर्णन किया गया है। मौर्यकाल में भू राजस्व समेत अनेक शुल्क नगरवासियों पर लगाए जाते थे जैसे,1. षड भागः छठवें अंश के रूप में प्राप्य राज कर2. सेना भक्तः युद्धकाल में राज्यादेश से प्रजा जनों द्वारा प्राप्त खाद्य पदार्थ 3. बलिः करों के अतिरिक्त अन्य उपहार के रूप में प्राप्त धन4. करः अधीनस्त राजाओं से मिलने वाला कर5. उत्संगः उत्सव आदि अवसरों पर भेंट स्वरूप प्राप्त वस्तुएं



6. पाश्वः नियत कर से अधिक की वसूली

7. पारीहीणकः पशुओं द्वारा खेत आदि की हुई हानि के कारण पशु स्वामी को दिए गए अर्थ दंड से उपलब्ध धन8. औपयानिकः राजा को उपहार में प्राप्त धन 9. कौष्टयेकः खुदाई से सहसा प्राप्त धन।करों की इतनी वृहद व्याख्या करने के साथ साथ कौटिल्य ने राजा और प्रजा दोनों के लिए यह भी स्पष्ट किया है कि राज्य कर आदि का अधिकारी है तो प्रजा के प्रति उसके कर्तव्य भी हैं। और प्रजा कर देने के लिए कर्तव्यबद्ध है तो उसके अधिकार भी हैं, अगर राजा कर लेने के बाद भी अपने कर्तव्यों का ठीक से निर्वहन नहीं करता तो प्रजा उसके प्रति अपनी निष्ठा छोड़ सकती है।

मध्यकालीन भारत में विभिन्न रियासतों का वर्चस्व था जो अपने अपने हिसाब से प्रजा से कर लेती थीं। सल्तनत काल से लेकर मुगल काल में यह कर छठवें हिस्से से बढ़कर आय के आधे हिस्से तक पहुंच गया था। आधुनिक भारत में आयकर प्रणाली 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार पर आए वित्तीय संकट के कारण 1860 में अंग्रेजों द्वारा लाई गई थी। मजेदार बात यह है कि भारत के तत्कालीन ब्रिटिश वित्तमंत्री जेम्स विल्सन ने भी आयकर की शुरूआत करते हुए मनु को उद्दत किया था।1886 में भारत में इनकम टैक्स एक्ट पास हुआ था तब से उसमें कई बार बदलाव किए गए। प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात 1918 में फिर 1922 में नया एक्ट लाया गया। स्वतंत्र भारत में वर्तमान में जो आयकर कानून चल रहा है वो 1 अप्रैल 1962 को लागू किया गया था।

भारत में दो प्रकार के कर लिए जाते हैं प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर। 2017 में जीएसटी लागू कर के अप्रत्यक्ष करों में क्रांतिकारी बदलाव लाकर कर सुधारों की तरफ एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया था। प्रत्यक्ष करों में भी सरकार हर बजट में कुछ बदलाव करती रहती है।

लेकिन इसके बावजूद जब विश्व के देशों की टैक्स कंपेटेटिव इंडेक्स 2020 की रिपोर्ट आती है तो 36 देशों की इस सूची में न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, फ्रांस, जर्मनी और पुर्तगाल जैसे देशों के नाम हैं लेकिन भारत का कोई स्थान नहीं है।

जब व्यक्तिगत आयकर वसूलने वाले देशों से तुलना की जाती है तो वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में यह 37%, न्यूजीलैंड में 39% और भारत में 35.88% है। जीएसटी की बात की जाए तो भारत में 28% के साथ यह 140 देशों की तुलना में सबसे ज्यादा है 27 % के साथ दूसरे स्थान पर अर्जेंटिनिया है जबकि यूके और फ्रांस में यह 20% तो सिंगापुर में 7% है।

# गुरु जो सेवा देते हैं उसी का नाम है भक्ति

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



हम द्धैत कैसे हैं? हम अद्धैत कैसे हैं? सत्य दो नहीं होता है। अनुभव से हम द्धैत है और व्यवहार में अद्धैत हैं। यहअनुभव है इसे काटा नहीं जा सकता है। सत्य सर्वव्यापक है। मुझे कोई पराया नहीं लगता है। गुरु से मिला ज्ञान कहीं दूसरे स्थान पर प्राप्त ज्ञान से बहुत व्यापक होता है। मुझे जो ज्ञान मेरे गुरुदेव सरकार से प्राप्त हुआ वह कहींऔर प्राप्त हो ही नहीं सकता था।

**राम ही केवल प्रेम प्यारा**
**एक राम दशरथ का बेटा**
**एक राम घर-घर में लेटा**
**एक राम का जगत पसारा**
**एक राम है सबसे प्यारा**

हमारे सरकार स्वामी जी महाराज का एक मात्र चिंतन था संसार से दुख कैसे समाप्त हो। तन-मान और धन की शक्ति सीमित होती है। यह शक्ति दुनिया मेंलगती है। पिता आपको वैश्य, शुद्र, ब्राम्हण औरक्षत्रिय बनाता है। गुरु आपको भक्ति युक्त और संसार के जंजालों से मुक्त बनाता है। भक्ति में दुनिया का सबसे बड़ा आनंद है।

गुरु जो सेवा देते हैं उसी का नाम है भक्ति।

किसी भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है। (ब्रम्ह विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

# पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने का लें संकल्प

**मनोज कुमार सिन्हा**

**पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल की थीम है ग्रह बनाम प्लास्टिक।**

**पृथ्वी दिवस 2024: प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए एकजुट होना**

प्लास्टिक कचरा एक बड़ी पर्यावरणीय चुनौती बन गया है, जिसका हमारे पारिस्थितिकी तंत्र, वन्यजीव और मानव स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है। 22 अप्रैल को मनाए जाने वाले इस साल के पृथ्वी दिवस की थीम है ₹ग्रह बनाम प्लास्टिक। अर्थ डे.ओआर जी इस अभियान का नेतृत्व कर रहा है, जो 2040 तक सभी प्लास्टिक के उत्पादन में 60 प्रतिशत की कमी लाने और प्लास्टिक-गहन फास्ट फैशन उद्योग को समाप्त करने की मांग कर रहा है।

पृथ्वी दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को किया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी की संरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करना है। यह दिन विभिन्न तरीकों से दुनिया भर में मनाया जाता है, जैसे कि पौधरोपण, पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, सेमिनार, प्रदर्शन, आदि। पृथ्वी दिवस का मुख्य संदेश है कि हमें प्रकृति के साथ संतुलन में रहना है और हमें अपने पर्यावरण की देखभाल करनी चाहिए। इस दिन के माध्यम से, हमें यह याद दिलाया जाता है कि हमें प्रकृति के साथ एक संतुलित और सहयोगी संबंध बनाए रखने की आवश्यकता है, ताकि हम समृद्धि और सुरक्षा के साथ जीवन जी सकें।

पृथ्वी दिवस की शुरूआत 1970 में हुई थी, जब एक गैर-सरकारी संगठन ने पृथ्वी के पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करने के लिए इसे मनाने का निर्णय किया। उस समय से लेकर, पृथ्वी दिवस प्रतिवर्ष अधिक लोगों और संगठनों द्वारा मनाया जाता है, और यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन चुका है जब मानव समुदाय प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को दोबारा सोचता है।

पर्यावरण संरक्षण एजेंसी की स्थापना 1970 में पहले पृथ्वी दिवस समारोह के बाद की गई थी। 1990 में, 141 देशों में 200 मिलियन लोगों को संगठित करके पृथ्वी दिवस एक वैश्विक घटना बन गया। अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और 120 अन्य देशों ने विश्व पृथ्वी दिवस 2016 पर ऐतिहासिक पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसे 2015 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में उपस्थित 195 देशों की




आम सहमति से अपनाया गया था। पृथ्वी दिवस सप्ताह के दौरान, कई समुदाय ऐसी गतिविधियों में संलग्न होते हैं जो मानव जाति के सामने आने वाले पर्यावरणीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। पृथ्वी दिवस 2020 (50वीं वर्षगांठ) पर, दुनिया भर में लगभग 100 मिलियन लोगों ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। इस आयोजन को अब इतिहास में सबसे बड़ा ऑनलाइन सामूहिक जुटान कहा जाता है।

### विश्व पृथ्वी दिवस का महत्व

हालाँकि पृथ्वी की रक्षा करना पृथ्वी दिवस का एक निरंतर विषय रहा है, लेकिन कार्रवाई का आह्वान साल दर साल और भी जरूरी होता जा रहा है। अगस्त 2021 में, जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की छठी आकलन रिपोर्ट प्रकाशित हुई। यह नवीनतम रिपोर्ट इतनी परेशान करने वाली थी कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इसे ₹मानवता के लिए एक चेतावनी₹ कहा।

पृथ्वी दिवस के आयोजन के माध्यम से, विभिन्न संगठन, सरकारी विभाग, शैक्षिक संस्थान, और व्यक्तिगत स्तर पर लोग पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने और इसे समर्थन करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इन कार्यक्रमों में, प्रदर्शन, सेमिनार, पौधरोपण, कचरा संग्रह अभियान, पर्यावरण शिक्षा के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता, आदि जैसे विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

पृथ्वी दिवस के माध्यम से लोग प्रकृति के महत्व को समझने के साथ-साथ, उसकी रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध होते हैं। वे पृथ्वी के अनुपातित संसाधनों का उपयोग कम करने, प्रदूषण को कम करने, और पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए कई कदम उठाते हैं।

**पृथ्वी दिवस के महत्व को समझते हुए, सरकारें और संगठन भी पृथ्वी के पर्यावरणीय**

संरक्षण के लिए नीतियों और कदमों को बढ़ावा देते हैं। वे नई और नई प्रोजेक्ट्स की शुरूआत करते हैं, पौधरोपण के लिए अभियान चलाते हैं, प्रदूषण नियंत्रण के लिए उपाय अपनाते हैं, और जनता को पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाते हैं।

इस पृथ्वी दिवस पर, हमें यह सोचने का अवसर मिलता है कि हम अपने समुदाय और पर्यावरण के लिए क्या कर सकते हैं। हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ानी चाहिए, जैसे कि ऊर्जा की बचत करना, पर्यावरण के लिए साइकिल या कार-पूलिंग का प्रयोग करना, और प्लास्टिक और अन्य कचरे का सही तरीके से निस्तारण करना।

आखिरकार, पृथ्वी दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी पर्यावरण के हिस्से हैं और हमें इसकी देखभाल करने का दायित्व है। इसके साथ ही, यह हमें एक साथ आगे बढ़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का मौका भी देता है।

# गुस्सैल लाइफपार्टनर के साथ ...


**रवि सिन्हा**

**अगर** आप रिलेशनशिप में हैं और आपके पार्टनर को हर छोटी-बड़ी बात पर गुस्सा आता है । अगर आपके पार्टनरको बिना बात के भी गुस्सा आता है तो आपका परेशान होना लाजिमी है। ऐसे में कई बार पार्टनर को हैंडल करने का तरीका भी समझ में नहीं आता है आप चाहें तो अपने गुस्सैल पार्टनर को डील करने के लिए इन टिप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

हो सकता है कि वो बिना बात के न भड़क रहे हों। उन बातों और स्थितियों पर गौर कर उनका आकलन करें ताकि आप जान सकें कि उनको कब और क्यों गुस्सा आता है। कोशिश करें कि वैसे हालात बनें ही न, जिनसे आपके पार्टनर को गुस्सा आता ह। 2. अगर आपकी कोई हरकत या आदत पार्टनर को कम पसंद है तो उन्हें उनके सामने करने से बचें। इसका यह मतलब नहीं है कि आप खुद को बदल दें पर उनके सामने अवॉइड करना ही बेहतर रहेगा। 3. ऐसे लोग हमेशा दूसरों की कमियां गिनाते रहते हैं। दूसरों पर आरोप लगाना और कॉन्ट्रोवर्सी क्रिएट करने में इन्हें बहुत मजा आता है। बेहतर रहेगा कि आप उनकी गैरजरूरी बातों का कोई जवाब ही न दें। 4. कई लोग इसी वजह से डिप्रेशन में रहते हैं कि उन्हें सुनने-समझनेवाला कोई नहीं होता है। जब वे गुस्से में हों तो उनकी मानसिक स्थिति को समझकर उनकी बात सुन लीजिए. हो सकता है कि धीरे-धीरे उनका गुस्सा कम हो जाए। 5. जब पार्टनर का मूड अच्छा हो तो उनसे बात करें। उन्हें उनकी गलत आदत और व्यवहार के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि उनके ऐसे व्यवहार से आपको कितनी तकलीफ होती है। इससे उन्हें भी अपने खराब व्यवहार को समझने में मदद मिलेगी।

6. गलती हो तो मानने से न झिझकें। इससे भी आपके पार्टनर का गुस्सा कम हो जाएगा। जब भी बात गलती की हो तो अपने ईगो को एक तरफ रख दें। इससे बात तुरंत संभल जाएगी। 7. जब भी पार्टनर को गुस्सा आए तो रिएक्ट करने या उन्हें चुप कराने की कोशिश के बजाय उन्हें थोड़ा टाइम दें।

# हरी मिर्च में मौजूद है पोषक तत्व



भारत ही एक ऐसा देश है जहां पर हरी मिर्च का प्रयोग भोजन में काफी किया जाता है। भारतीय हरी मिर्च में एक औषधी के समान है जिसमें शरीर के कई रोगों को खत्म करने की ताकत है। हरी मिर्च में कई स्वास्थ्य वर्धक गुण समाए होते हैं, इसलिये हमें इसे नियमित तौर पर अपने खाने में शामिल करना चाहिए। जानें हरी मिर्च के ये फायदे....

**1. रक्तचाप**

रक्तचाप को नियंत्रित करने में हरी मिर्च काफी फायदेमंद होती है। मधुमेह होने की स्थिति में भी हरी मिर्च में रक्तचाप का स्तर नियंत्रित रखने के गुण होते हैं।

**2. पाचन सुधरता है**

हरी मिर्च खाना जल्दी पचा देती है। साथ ही, शरीर के पाचन तंत्र में भी सुधार कर देती है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसीलिए यह कब्ज दूर करती है।

**3. आयरन बढ़ाए**

महिलाओं में अक्सर आयरन की कमी हो जाती है लेकिन अगर आप हरी मिर्च खाने के साथ रोज खाना खाएंगी तो आपकी यह कमी भी पूरी हो जाएगी।

**4. बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव**

हरी मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कि संक्रमण को दूर रखते हैं। इसीलिए हरी मिर्च को खाने से आपको संक्रमण के कारण होने वाले त्वचा रोग परेशान नहीं करेंगे।

**5. दमे के रोगी के लिए मददगार**

हरी ताजी मिर्च का एक चमच रस, शहद में मिलाकर खाली पेट खाने से दमे के रोगी को राहत मिलेगी। इस का प्रयोग दस दिनों तक करने से लाभ होगा।

**6. कैंसर से राहत दिलाती है हरी मिर्च**

हरी मिर्च में ल्ल३-ङ्म७ील्ल३२ होते है जो शरीर की इम्युनिटी को बढ़ाते है और कैंसर से लड़ने में मदद करते है इसलिए हरी मिर्च का खाने के साथ सेवन करें।

**7. शुगर से आराम देती है हरी मिर्च**

2 हरी मिर्च पूछ समेत एक गलास पानी में रात को भिगोकर रखें और सुबह खाली पेट मिर्च को निकाल कर पानी पीए। इस विधि का एक हफ्ते तक प्रयोग करे ऐसा करने से शुगर कन्ट्रोल में आ जाती है।

**8. स्किन के लिए मददगार है हरी मिर्च**

हरी मिर्च के अंदर बहत सारे विटामिन पाए जाते है जो स्किन के लिए फायदेमंद होते है अगर आप तीखा खाते है तो आपकी त्वचा में निखार आ जाता है। लेकिन इतना तीखा भी नहीं खाना चहिए कि आप को नुकसान हो।

**9. फेफड़ों के कैंसर का खतरा कम करे**

हरी मिर्च का सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर का खतरा काफी कम हो जाता है। इस बात का ध्यान धूम्रपान करने वालों को ज्यादा रखना चाहिए क्योंकि वे रोजाना अपने फेफड़ों का थोड़ा सा हिस्सा हवा में उड़ा देते हैं।

**10. मर्दों के लिए हरी मिर्च फायदेमंद**

मर्दों को हरी मिर्च खानी चाहिए क्योंकि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर का खतरा रहता है। कई वैज्ञानिक शोधों में यह साबित हो चुका है कि हरी मिर्च खाने से प्रोस्टेट की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

**11. पाचन सुधरता है**

हरी मिर्च खाना जल्दी पचा देती है। साथ ही, शरीर के पाचन तंत्र में भी सुधार कर देती है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है। इसीलिए यह कब्ज दूर करती है।

# दूध में मिलावट को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन

**अखिल** भारतीय ग्राहक पंचायत राष्ट्रीय स्तर पर एक स्वयंसेवी संगठन है जो विगत पांच दशकों से ग्राहक जागरन, ग्राहक प्रशिक्षण और ग्राहक समस्या का समाधान के लिये समर्पित है। संगठन देश के 400 जिलों में काम कर रहा है। संगठन दूध में मिलावट कोलेकर पूरे देश में जागरूकता और प्रशासन को सचेत करने का अभियान चला रहा है। संगठन चाहता है कि इस दिशा में ठोस कार्रवाई और समुचित समाधान हो।

एफएसएसएआई के अनुसार देश भर में लगभग 70 प्रतिशत दूध के नमूने मिलावटी पाये गये हैं। कुछ राज्यों में शत प्रतिशत दूध के नमूने एफएसएसएआई द्धारा निर्धारित दूध मानको के अनुसार नहीं है।

14 प्रतिशत नमूनो में डिटजेंट पाया गया। एफएसएसएआई ने कुल 1791 नमूने का परीक्षण किया जिनमें 46 प्रतिशत दूध जल मिलावट के कारण कम सॉलिड नॉट फैट की श्रेणी में थे और लगभग 548 नमूनों में स्कीम मिल्क पावडर की उपस्थिति पाई गयी। जिनमें से 477 नमूनों में ग्लूकोज पाया गया। सिथेंटिक और मिलावटी दूध और दूध के उत्पाद यूरिया डिटजेंट रिफाइंड तेल कास्टिक सोडा बोरिक एसिड आदि का उपयोग करके तैयार किये जाते हैं। इस प्रकार के मिलावट उन जिलों में अधिक है जहां दूध की मांग अधिक है।इससे आम नागरिक और बच्चों को बीमारी काशिकार होना पड़ता है। व्यापारियों पर ठोस कार्रवाई न होने से इस प्रकार का व्यापार लगातार फल-फूल रहा है और दूध में मिलावट जारी है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत आवेदन के माध्यम से यह मांग करती है कि-

रांची सहित सभी जिलों में फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन होनी चाहिए।

दूध एवं खाद्य पदार्थो में मिलावट रोकने हेतू फ्लाइंग स्क्वायड का गठन होना चाहिए। जिसमें एक प्रतिनिधि ग्राहक संगठन का भी शामिल हो।

जिले में सैंपल की जांच हेतू प्रत्येक प्रखंड स्तर पर प्रशासन की ओर से निःशुल्क ऑपन टेस्टिंग सेंटर खुला जांच केन्द्र होना चाहिए।

जिले में पर्याप्त फूड इंस्पेक्टर की नियुक्ति की जाए जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके।

प्रशासन की ओर से जांच करने पर जब दूध में मिलावट की मात्रा पाई जाती है तो इसका वृहद रुप से प्रचार-प्रसार मीडिया अखबार के माध्यम से होना चाहिए। इससे आम नागरिक भी जागरुक होंगे।

मिलावटी दूध का सेवन करने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। जैसे पेट खराब होगा,उल्टी दस्त, एलर्जी का होना, किडनी लीवर और हार्ट को नुकसान होना , रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना और कैसर जैसी गंभीर बीमारियों का होना।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायल ने रांची जिला प्रशासन से सिथेंटिक और मिलावटी दूध के उत्पाद में शामिल लोगों पर अपराधिक कार्रवाई करने की मांग करता है। जिस क्षेत्र में दूध की मिलावट पाई जाए उस क्षेत्र में पदस्थापित अधिकारी पर भी कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई होती अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के झारखंड प्रांत के अखिल भारतीय सचिव आर अजय जिला संयोजक आलोक कुमार सिंह ने सहित सदस्यों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से सौंपा है। निश्चित ही इस मिलावटी दूध के प्रकरण में संगठन सजग और निश्चित कार्रवाई के लिये तत्पर है।

# देश के इन पर्यटन स्थलों पर अवश्य जायें

**मिताली जैन**

### कूर्ग, कर्नाटक

'स्कॉटलैंड ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाने वाला कूर्ग पश्चिमी घाट की गोद में दक्षिणी कर्नाटक में स्थित एक छोटा सा हिल स्टेशन है। यह जगह अपने कॉफी बागानों से लेकर मौसम, खूबसूरत गांव और वॉटरफॉल आदि के लिए प्रसिद्ध है। यहां के नागरहोल नेशनल पार्क और तलकवेरी वन्यजीव अभयारण्य में वनस्पतियों और जीवों की विविधता है। यदि आप दैनिक जीवन की एकरसता से बचकर प्रकृति के करीब जाना चाहते हैं तो यह एक आदर्श स्थान है।

### खज्जियार, हिमाचल प्रदेश

खज्जियार को आमतौर पर 'भारत के मिनी स्विट्जरलैंड' के रूप में जाना जाता है। यहां के घने जंगल, हरी घास के मैदान और सुंदर बर्फ से ढकी पहाड़ की जगहें प्रकृति प्रेमियों के लिए एक आदर्श स्थान हैं। अगर आप एंडवेचर्स एक्टिविटी करना पसंद करते हैं तो जॉबिंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग और घुड़सवारी का आनंद यहां पर ले सकते हैं। यहां पर कलातोप वन्यजीव अभयारण्य है जो विदेशी वनस्पतियों और जीवों के लिए घर है। इसके अलावा 12 वीं शताब्दी का खज्जी नागा मंदिर और खज्जियार झील यहां का प्रमुख आकर्षण है।

### पिथौरागढ़, उत्तराखंड



उत्तराखंड के पूर्वी जिले में स्थित, पिथौरागढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, उच्च ऊंचाई वाले घास के मैदान और कुछ ऐतिहासिक आकर्षण हैं। यह कैलाश और मानसरोवर के पवित्र मंदिरों के लिए ट्रेक का शुरूआती बिंदु है। और, नंदादेवी, नेपाल के अप्पी और पंचाचूली की शक्तिशाली चोटियों के मनोरम दृश्य इस जगह से स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। पर्यटक स्थलों में से पिथौरागढ़ किला, असकोट अभयारण्य काफी फेमस है। यह अभयारण्य कई प्रकार की वनस्पतियों और जीवों और काफनी ग्लेशियर ट्रेक की एक विस्तृत श्रृंखला का घर है।

### मुन्नार, केरल

अपनी चाय और मसाले के बागानों के लिए प्रसिद्ध हिल स्टेशन मुन्नार में प्रकृति की गोद में कुछ वक्त अकेले के साथ बिताने के लिए एक अच्छी जगह है। यहां पर आप कैम्पिंग, पैरासेलिंग, बर्डवॉचिंग, ट्रेकिंग, वाइल्डलाइफ स्पॉटिंग, फिशिंग, बोटिंग और रॉक क्लाइम्बिंग जैसी कई एक्टिविटीज कर सकते हैं। यहां के कुछ टूरिस्ट आकर्षणों में इको पॉइंट और कुंडला झील शामिल हैं।

# नक्सलवाद: लोकतांत्रिक प्रकिया में बाधा डालने का प्रयास

## क्या नक्सली हिंसा के पीछे है देश को अस्थिर करने की है साजिश

योगेंद्र योगी

**छत्तीसगढ़** में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित जिलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं।





माओवादियों के थिंक-टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरूआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को 'नक्सलवाद' के नाम से जाना जाता है। जमींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीड? पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मजदूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ जिम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे जमीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजगार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मजबूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वजह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमजोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है।

सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप नक्सलियों के हौसले कमजोर हुए हैं तथा उनके आत्मसमर्पण की संख्या लगातार बढ़ रही है। विमुद्रीकरण ने भी नक्सलियों को पहुँचने वाली वित्तीय सहायता पर लगाम लगाई है और इसके बाद से अब तक 700 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किमी. सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मजबूत बनाने के लिये सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है। इसके तहत कुल 4072 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर पर पुलिस की दवाब बनाने की सक्रिय कार्रवाई और विकास बहुआयामी योजनाओं से नक्सली समस्या जड़मूल से समाप्त हो सकेगी।

## संसदीय चुनाव: 2024 कार्टूनिस्ट की नजर में










साभार: प्रभासाक्षी

# कांग्रेस ने देश में उतारे मात्र 330 उम्मीदवार

आर.के. सिन्हा

**लोकसभा** चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है?

कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477, 1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2019 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं।

और नेहरू परिवार का निवास भी क आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी।

राहुल और प्रियंका गांधी का जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े झटुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल और प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनाव में जनता जवाब तो देगी ही।

कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह हारे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा।

कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है। कांग्रेस के अपने नियम और संविधान हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्यसमिति ही करती है। कहने वाले तो कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती हैं कि वह पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। जाहिर है, कांग्रेस की इन तमाम हरकतों को देश की जनता देख रही है।

साल 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया गया तो कांग्रेस ने इसका संसद में जमकर विरोध किया था। हालांकि, आगे चलकर कांग्रेस का रुख एकदम बदला हुआ नजर आया। जब सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 हटाए जाने के केंद्र के फैसले को सही ठहराया तो कांग्रेस ने इसकी बहाली को लेकर कोई बात नहीं की। पूर्व केंद्रीयमंत्री पी. चिंदबरम और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रेस वार्ता की। इस दौरान पी. चिदंबरम ने कहा, 'हमने कभी भी अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने की बात नहीं की। हमने उसे हटाने के तरीके का विरोध किया था।' चिदंबरम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट का 370 पर जो फैसला आया है, उसने कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया है लेकिन कई सवाल बाकी हैं। 370 हटाने का जो तरीका था, हम उसके खिलाफ थे। हमने सीडब्ल्यूसी में प्रस्ताव भी पास किया था।'' मतलब जब कांग्रेस को जनता के मूड की भनक लगी तो उसने अपनी लाइन चेंज कर ली।

खैर, राहुल गांधी की चाहत है कि वे नरेन्द्र मोदी का स्थान ले लें कप्रियंका की भी इच्छा है कि वह दूसरी इंदिरा गांधी बने। पर ये दोनों भारत को अभी तक समझ ही नहीं पाए हैं। इसी कारण से आज कांग्रेस की स्थिति बेहद शर्मनाक हो गई है। अगर यह दोनों पार्टी में बरकरार रहते हैं तो कांग्रेस के अंतिम संस्कार की राख भी ढूढंने से नहीं मिलेगी। लगता है कि दोनों ने कांग्रेस की कपाल क्रिया करने का पूरी तरह मन बना लिया है। दोनों अपने मकसद की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर हो रहा है। वह पार्टी को कहीं विजय नहीं दिलवा पा रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व तब ताकतवर होता है जब उसकी जनता के बीच में कोई साख होती है। लेकिन हैरानी होती है कि कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व यानी सोनिया गांधी और उनके बच्चों के खिलाफ विद्रोह क्यों नहीं होता है।

जिस पार्टी से पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल का संबंध रहा है, वह पार्टी अंतिम सांसें ले रही है। यह दुखद स्थिति है। कांग्रेस की हार के लिए गांधी परिवार के साथ-साथ पार्टी के कुछ दूसरे नेताओं को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। कांग्रेस में बहुत सारे तथाकथित नेता हैं जिनका जनता से कोई संबंध तक नहीं है। ये लुटियन दिल्ली के बड़े विशाल सरकारी बंगलों में रहकर कागजी राजनीति करते हैं। इनमें से अधिकतर बड़े मालदार कमाऊ वकील हैं। वकालत से थोड़ा बहुत वक्त मिल जाता है, तो ये टाइम पास करने के लिये और खबरों में बने रहने के लिये सियासत भी करने लगते हैं। ये मानते हैं कि खबरिया चैनलों की डिबेट में आने मात्र से ही वे पार्टी की महान सेवा कर रहे हैं।

दरअसल, कांग्रेस के लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव में खराब होते प्रदर्शन के कारण उसे क्षेत्रीय दलों के आगे नतमस्तक होना पड़ रहा है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से कुछ सीटें हासिल करके लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी का वोट जिस नई दिल्ली लोकसभा सीट में है वहां पर उनका कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं होगा। आम आदमी पार्टी से सीटों के तालमेल के बाद कांग्रेस ने नई दिल्ली की सीट उसे दे दी। अब समझा जा सकता है कि कांग्रेस किस तरह से देश में हाशिये पर जा रही है।

# उमंग परियोजना ने बदल दी किशोरियों की जिंदगी

**राष्ट्रीय** परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की शोध के अनुसार झारखंड भारत में शीर्ष 5 राज्यों में आता है जहां गोड्डा के अलावा जामताड़ा जिले में बाल विवाह के अधिक मामले दर्ज हुए है और सामाजिक रीति रिवाज, परिवारिक कारणों, गरीबी, अशिक्षा के कारण बाल विवाह का दर ज्यादा हैं। जहां वर्ष 2018 में आईसीआरडब्ल्यू के द्वारा उमंग कार्यक्रम पांच वर्षीय बहु स्तरीय कार्यक्रम की शुरूआत की गई। जिसका क्रियान्वयन प्रभावित जिलों में की गई। जिसका उद्देश्य था कि झारखंड में बाल विवाह कारणों का पता लगाना, बाल विवाह की दर में कमी लाने के लिए एक मॉडल तैयार करना था। उमंग कार्यक्रम में कई हितधारकों के साथ मिलकर कई पंचायतों व प्रखंडों में किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए अलगझअलग गतिविधियाँ की गयी जिसका परिणाम यह हुआ कि 2023 के अंत और वर्ष 2024 के शुरूआती महीनें आते-आते उमंग से जुड़े कई किशोरियों में व्यक्तित्व बदलाव आया और समाज से बाल विवाह जैसी कुरीतियों को दूर करने के लिए जनप्रतिनिधियों से लेकर किशोरियों व किशारों की बड़ी नेतृत्वकर्ता करने वाली सेना तैयार हो गई। साथ ही लोगों की सोच में धीरे-धीरे परिवर्तन देखने को मिलने लगा।

### एक नजर उमंग के कार्यक्रम की रुपरेखा

- स्कूल और समुदाय मे सामूहिक शिक्षा सत्र, अभियान और नेतृत्व क्षमता का निर्माण कराना।
- खेल के माध्यम से लड़कियों को उमंग कार्यक्रम से सम्मिलित करना।
- गांव, विद्यालय व विभिन्न स्तरों पर किशोरी सशक्तिकरण व बाल अधिकारों के लिए सरकार द्वारा गठित प्रणालियों को सशक्त करना, जेंडर व किशोरी सशक्तिकरण को चचाओं में शामिल करना।
- लड़कों व पुरुषों को समूहों में साथ लाकर, मर्दानगी के कारण उत्पन्न होने वाले मुद्दों, असमानाताओं और लिंग भेद को रोकने पर चर्चा व विश्लेषण व लड़कियों के महत्व को बढ़ावा देना।
- जिन किशोरियों की शादी जल्दी होने की संभावना है, उन अभिभावकों के साथ संपर्क कर बातचीत करना।
- स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जेंडर आधारित सामूहिक सत्र के माध्यम से समुदाय में सकारात्मक माहौल तैयार करना।



नुक्कड़ नाटक और रेडियों के माध्यम से बाल विवाह और लैंगिक समानता के लिए सकरात्मक माहौल व संदेश फैलाना। सरकारी प्रणालियों को किशोरियों-संबंधी मुद्दों पर जवाबदेही बनाने के लिए उनमें समन्वय बनाना शामिल हैं। चार वर्षो तक चली उमंग परियोजना से क्या मिला देखने में अंतर। जेंडर शब्द सुनते थे, अब इसका अर्थ किशोर-किशोरियों को समझ आया। अब घर के बड़ों-बुजूर्ग व परिवार के मुखिया से चर्चा होने लगी। किशोरियां अपनी भूमिका को गहराई से समझने लगे। लड़कियों को खेल में सहयोग और उन्हें फुटबाल के माध्यम से जिला स्तरीय टूनामेंट तक पहुंचने में मदद मिली। पंचायत में किशोरी सशक्तिकरण की जिम्मेदारी लेने लगे। छोटी-छोटी शारीरिक-मानसिक हिंसा क्या है, इसका असर क्या होता है समझ में आया। सामूहिक चर्चा और नेतृत्व जैसे गुणों व कार्यो में रूझान पैदा होना। परियोजना का असर यह हुआ कि किशोरियों को कुछ छूट मिली है कि हमारे ऊपर पैसा कमाने व घर चलाने की जिम्मेदारी भी ज्यादा हैं।

### केस स्टेडी 1 : नेतृत्व क्षमता देख चुन लिया क्षेत्र का मुखिया

सुपाडीह पंचायत की निर्वाचित मुखिया स्टेनशीला हेम्ब्रोम बताती है कि वर्ष 2019 में उमंग परियोजना से जुड़ी। वर्ष 2022 तक कार्य की। इसमें परियोजना क्रियान्वयन सदस्य के रूप में किशोरियों मिलते थे, समूह बनाते थे। पूर्व में लिंग आधारित असमानता, गांव में लड़कियों के साथ हो रहे भेदभाव को दूर करने के लिए काम किए। शुरूआती दौर में परिवारों को समझाना मुश्किल हुआ। परंतु स्थानीय संथाली भाषा व बंगला में संवाद के कारण लोगों तक पहुंच बना पाई। किशोरियों को हिंसा के प्रति जागरूक करने, मदद करने, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने जैसे कई गतिविधियों में शामिल रही। उमंग से नेतृत्व करने की क्षमता का भी मेरे में आया। यहीं वजह आठ हजार आबादी वाले व पांच हजार वोटरों के बीच पहचान बनी, फलस्वरूप लोगों ने मुझे मुखिया के पद पर खड़ा करवाया और मैं चुनाव जीती। अब स्थिति ऐसी है कि जब मुख्य अतिथि के रूप में लड़कों के फुटबॉल मैच में जाती हूं तो आयोजकों को जनप्रतिनिधि के रूप में लड़कियों के लिए फुटबाल मैच करवाने के लिए जागरूक करती हूं।

### केस स्टेडी 2 : उमंग से आये कई बदलाव

**उसबेदिया** उत्कृमित उच्च विद्यालय की शिक्षिका मोनिका कुमारी कहना है कि उमंग से खुद में परिवर्तन आया। हिंसा के सत्रों की जानकारी मुझे भी मिली। ऐसी क्या चीजें है जो बच्चों के मानसिक रूप से कमजोर कर रहा है। 10-12 वर्ष की किशोरियां महावारी के बारे खुल कर बताने लगी और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेने लगी। उमंग से जेंडर जैसी गतिविधियों में बदलाव लाने का कार्य किया। पहले लड़कियां कक्षा में झाडू लगाती थी। अब लड़के झाडू लगाने लगे और लड़कियां बेंच उठाने लगे। हर कार्य को किशोर-किशोरियां अपने कौशल के अनुसार कार्य करने लगे। इसके अलावा उमंग के कार्यक्रम से रोचकता पूर्ण कक्षा से बच्चे खुश रहने लगे। अब बाल अधिकार बच्चे सीखना और जानने की इच्छा जाहिर करने लगे। बच्चे भावनात्मक रूप से जुड़ने लगे। महावारी से जुड़े हुए मिथक दूर हुई और बच्चियां शिक्षक से खुलकर बात करने लगी। अब कई स्त्रोतों से सूचना आती है कि बाल विवाह जैसी कुरीतियां होने वाली है या हो रही है तो मुखिया तक बात पहुंचाने का कार्य करते हैं।

### केस स्टेडी 3 : ग्रामीण पढ़वाते है चिट्ठी, भरवाते हैं फार्म

**मिहिजाम** से 35-40 किलोमीटर दूर है पाकुड़िया गांव, जो नाला प्रखंड के अंतर्गत आता हैं। इसी प्रखंड-गांव की 20-25 किशोरियां उमंग परियोजना से जुड़ी थी। इसमें पम्पा मंडल, सुजाता मंडल, पूनम पॉल और शिल्पी मंडल है। ये अपने अनुभव साझा की। जिन्होंने बताया कि उमंग से जुड़ने के बाद अब बाल विवाह जैसे मुद्दों पर परिवार में खुद बोलने लगी। उमंग की टीम ने भी सहयोग किया और परिवार वालों को समझाने में मददगार साबित हुए। इससे हमें आगे पढ़ने और बढ़ने का मौका मिला। अब इंटर की परीक्षा लिख लिए है, भविष्य में नौकरी करने की इच्छा है। उमंग से यह प्रभाव हुआ कि पहले खेलने, घर से बाहर निकलने नहीं दिया जाता था, अब इन सारी मुसीबतों से कुछ हद तक समाधान हो गया। अपने जीवन व कार्य के लिए खुद निर्णय लेने का गुण उमंग के कार्यक्रम से सीखने मिला।

## स्पीड न्यूज

### मंडा मेला में शामिल भोक्ताओं ने किया घाघरा प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण



घाघरा। घाघरा प्रखंड के हापामुनि में आयोजित मंडा मेला में शामिल सैकड़ो भोक्ताओं ने शनिवार को प्रखंड मुख्यालय का नगर भ्रमण किया। इस क्रम में भोक्ताओं ने जय शिरोमणि महेश, बम बम के उद्घोष के साथ घाघरा जग बगीचा मोड़ के समीप से नगर भ्रमण की शुरूआत की। नगर भ्रमण ब्लॉक चौक, थाना चौक, चांदनी चौक होते हुए नेतरहाट रोड में समाप्त हुआ। जिसके बाद सभी भोक्ता हपामुनि महादेव चबूतरा पहुंचे। जहां पूजा पाठ की शुरूआत हुई। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने कहा की पूजा शुरूआत से पूर्व नगर भ्रमण कार्यक्रम किया जाता है। इस क्रम में आज घाघरा मुख्यालय का नगर भ्रमण भोक्ताओं द्वारा किया गया। क्षेत्र में शांति, दुख, दरिद्रता,क्लेश मिटे जिसे लेकर भोक्ताओं द्वारा प्रार्थना की जाती है। वहीं नगर भ्रमण के क्रम में समाज सेवियों ने फल व पानी का वितरण भोक्ताओं को किया। नगर भ्रमण में पूर्व मुखिया आदित्य भगत, मुकेश मनी पाठक निलेश मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, सुरेंद्र साहू, बिंदेश्वर साहू, अनिरुद्ध चौबे, आशीष कुमार सोनी, नीरज कुमार साहू, बजरंग महतो सहित कई भोक्ता शामिल थे।

### लोस चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



घाघरा। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शनिवार को प्रखंड के कर्मियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएलओ, बूथ अवेरनेस ग्रुप, वॉलिंटियर शामिल हुए। प्रशिक्षक प्रदीप कच्छप,अशोक कुमार, शंकर खे, सतीश बंसल ने प्रशिक्षण देते हुए वॉलिंटियरों को बताया कि एक नंबर लाइन और दो नंबर लाइन में पुरुष महिला मतदाता अलग अलग खड़ा होंगे। जबकि तीसरी लाइन में दिव्यांग मतदाता और बुजुर्ग मतदाता को खड़ा करना है। ताकि वह अपना मतदान दे सके और उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही बीएलओ कर्मी भी उसमें साथ देंगे। मौके पर उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर दिए जाने प्रशिक्षण को आप सभी ईमानदारी पूर्वक सीखे। ताकि मतदान केंद्रो में किसी भी तरह के परेशानी मतदान और मतदान कर्मियों को ना हो। नए मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, ज्योति लाल महतो सहित कई बीएलओ, वॉलिंटियर आदि उपस्थित थे।

### बूथ कमिटी को पंचायत अध्यक्ष मिलकर मजबूत करे : जगदीप भगत



घाघरा। लोकसभा चुनाव तैयारी को लेकर प्रखंड कांग्रेस कमिटी घाघरा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को उत्सव संगम बैंक्विट हॉल में सम्पन्न हुई। बैठक में बिशुनपुर विधानसभा प्रभारी जगदीप भगत मुख्य रूप से उपस्थित हुए। प्रभारी ने दोनों मंडल अध्यक्ष व सभी पंचायत अध्यक्ष से अपने अपने बूथ कि जानकारी ली और कहा बूथ कमिटी को पंचायत अध्यक्ष मिलकर मजबूत करे। अरुण पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी समुदाय को लेकर चलती है। इस बार राहुल गांधी को प्रधान मंत्री बनाना है। पहला चरण चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी मत मिला है। जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा ने कहा कि इंडिया महागठबंधन के मेनो फेस्टो को घर घर बताने कि जरूरत है। इस अवसर पर सहजाद खान, गनदुर महली, भीनेश्वर भगत, राजेंद्र भगत, फि रंगी उरांव व बीरू उरांव ने भी संबोधित किया। मैके पर अरुण पांडे, कृष्णा लोहरा, नसीम अंसारी, बसंत भगत, कलेस यादव, अमर उरांव, कीनू लोहरा, हकीम भगत, आनद उरांव, बुधमान उरांव, देवेंद्र उरांव, हेमंत भगत, रोपना उरांव, इलाही राय, घुड़ा उरांव, प्रेमचंद भगत व बुधवा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य ने किया रक्तदान

गुमला। मारवाड़ी युवा मंच गुमला के सदस्य सौरभ साबू ने बी पॉजिटिव रक्तदान कर के सदर अस्पताल में इलाजरत बच्ची की जान बचायी। उनका कहना है कि रक्तदान हर तीन महीने पर करना चाहिए। जिससे कि हीमोग्लोबिन और हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। मौके पर लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

### सोनाली प्रजाति की देसी मुर्गी के चूजे व बत्तख का किया गया वितरण



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित निकरा परियोजना अंतर्गत शनिवार को शिवराजपुर, नवाटोली एवं सरनाटोली के 15 किसानों को सोनाली प्रजाति की देसी मुर्गी के चूजों का साथ शिवराजपुर के पांच किसानों को खाकी कम्पबल प्रजाति के 100 बतख के चूजे का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र निकाला परियोजना के अंतर्गत लोचदार कृषि तकनीक को बढ़ावा देने के लिए सोनाली प्रजाति को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहा है। क्योंकि यह प्रजाति इस क्षेत्र के लिए काफी उपयुक्त है। इस प्रजाति का बाजार भाव भी ज्यादा है। साथ ही इस प्रजाति में रोग की संभावना भी कम होती है। यह प्रजाति की मुर्गी अंडा एवं मांस दोनों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इस वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत शुभम कुमार दास ने बताया कि बत्तख पालन मछली पालन के साथ-साथ आसानी से किया जा सकता है। क्योंकि दोनों एक दूसरे के सहयोगी की भूमिका में कार्य करते हैं। बत्तख के द्वारा तालाब में मछली के लिए ऑक्सीजन एवं उन्हें भोजन प्राप्त होता है। जिससे यह एक दूसरे के लिए सहचर्य का काम करते हैं।

# पर्यावरण प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां जीवों के अस्तित्व पर खतरा : डीएफओ

**नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने डीएफओ को क्लॉथ बैग्स भेंट किया**



डीएफओ को क्लोथ बैग भेंट करते विद्यार्थी।

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। नो प्लास्टिक कैंपेन के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के इको-क्लब के विद्यार्थियों ने डीएफओ गुमला अहमद बेलाल अनवर को कलाकृति युक्त क्लॉथ बैग्स भेंट किया। जिन पर पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखे हुए थे। इस एक्टिविटी में ताशा झा, प्रीति कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूपुर कुमारी, आर्यन सिंह, आदित्य राज एवं विपुल अग्रवाल ने भाग लिया। डीएफओ ने विद्यार्थियों के इस एक्टिविटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों ने धरती तथा जीवों के अस्तित्व को खतरे में ला दिया है। हमें अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए सचेत होना होगा एवं लोगों को जागरूक करना होगा। उन्होंने बताया कि हाइड्रोफ्लोरोकार्बन गैसें जिनका इस्तेमाल एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में बड़े पैमाने पर किया जाता है। वह ग्लोबल वार्मिंग के मामले में कार्बन डाइऑक्साइड से हजारों गुना ज्यादा शक्तिशाली है। छात्रा ताशा ने बताया 22 मार्च विश्व धरती दिवस है एवं इस वर्ष के वर्ल्ड अर्थडे का थीम प्लानेट वर्सेस प्लास्टिक है। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि हमारे द्वारा उत्पन्न प्राकृतिक असंतुलन एवं प्रदूषण से की चुनौतियों से लड़ने के लिए हमारी नई पीढ़ी प्रयासरत है और यह काफी सकारात्मक बात है।

# समीर उरांव की जीत सुनिश्चित करने के लिये आजसू ने चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मंत्र संवाददाता



जनसंपर्क अभियान चलाते आजसू के नेता व कार्यकर्ता।

लोहरदगा। लोकसभा संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में आजसू पार्टी के द्वारा बड़की चांपी, छोटकी चांपी, बंदुआ सहित अन्य गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। ग्रामीणों से जनसंपर्क करते हुए यह कहा गया की एनडीए के हाथों को मजबूत करना है और समीर उरांव को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। समीर उरांव एक जुझारू नेता है, बाकी अन्य उम्मीदवारों का इतिहास जनता जानती है। इसलिए ऐसे उम्मीदवार को जीता कर भेजना है, जो इस लोकसभा सीट की समस्याओं को लेकर दिल्ली में आवाज उठा सके एवं कार्य करा सके। इस अभियान में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक, अनिरुद्ध महतो, बढतु महतो, नीरज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संजय भगत, कामेश यादव, शंकर पासवान, प्रवीण गोयल, कबीर अंसारी, अरुण उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीआइजी ने किया नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण, चुनाव तैयारी का लिया जायजा

**चिन्हित बूथों पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर का लिया जायेगा सहारा**



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। दक्षिणी छोटानागपुर के डीआईजी अनूप बिरथरे लोहरदगा पहुंचे। इस दौरान डीआईजी ने जिले के एसपी हारिस बिन जमां सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ पेशरार थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही एसपी कार्यालय कक्ष में जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की दिशा में पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बिरथरे ने सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो चुकी है। ऐसी स्थिति में लोहरदगा जिले के सुदूर वर्ती नक्सल प्रभावित पेशरार, केकरांग, कौवाडाढ़ इत्यादि बूथों का भ्रमण किया गया। इस क्रम में चुनाव के दौरान अर्धसैनिक बलों की ठहरने की व्यवस्था, जवानों के आने जाने की व्यवस्था तथा चुनाव के पश्चात इनकी वापस लौटते लौटते की क्या व्यवस्थाएं है इसकी बारीकी से समीक्षा करते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा की नॉन बेलेबल वारंट है, उसे खत्म किया जाना है तथा लाइसेंसी हथियारों को जमा करने की कार्रवाई की जानी है। इसके अलावा अवैध हथियार को जब्त किया जाएगा।

# हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये मोदी की गारंटी है : मनोज सिंह

**पार्टी प्रत्याशी 24 को करेंगे पर्चा दाखिल**

**गुजरात के सीएम भूपेंद्र भाई पटेल होंगे शामिल**

**भाजपा का लोहरदगा लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न**



खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। लोहरदगा लोकसभा स्तरीय भाजपा की चुनावी बैठक होटल सभेकर में आयोजित की गई। जिसमें लोकसभा क्षेत्र के चुनाव संचालन समिति के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारी को समीर उरांव को भारी मतों से जीत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव हिंदुस्तान को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नेतृत्व ने पिछले 10 वर्षों में देश ने जिस प्रकार का व्यापक परिवर्तन देखा है वह अपने इस बात की गारंटी है कि आने वाला समय में भारत एक नई ऊंचाइयों को छूने को तैयार है। एक विकसित भारत बनने को तैयार है। कार्यकर्ता क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांगे। वहीं बैठक में जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव निर्वाचन पदाधिकारी गुमला के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जुलूस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में लोहरदगा लोकसभा के संयोजक मुनेश्वर साहु, सहसंयोजक सन्नी टोप्पो, श्रीचंद प्रजापति, अनूपचंद्र अधिकारी, भूपन साहू, कमलेश उरांव, ओम प्रकाश सिंह, विनोद कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, गुमला भाजपा जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, लोहरदगा भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजमोहन राम, एडवर्ड सुरीन, सविंद्र सिंह भिखारी भगत, सत्यनारायण पटेल यशवंत सिंह, लालमोहन साहू, संजय सिंह रविंद्र सिंह, निर्मल गोयल, अरविंद मिश्रा, बालकेश्वर सिंह, किशोर मिश्रा, संजय साहू, अनिल साहू, संदीप साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल के समय में किया जाये परिवर्तन : आलोक साहू



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला में भीषण गर्मी बढ़ गया है छोटे-छोटे बच्चों को दोपहर एक एवं दो बजे स्कूल से अपने घर आने में बहुत परेशानी हो रहा है। झारखंड में गर्मी अभी और बढ़ेगी। तापमान में 3% की वृद्धि होने की संभावना है। इस संबंध में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है।

बच्चों को 11 बजे के बाद बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। श्री साहू ने इस मामला को लेकर लोहरदगा उपायुक्त बाधमारे प्रसाद कृष्ण से वार्ता कर बढ़ते भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए छात्र हित में विद्यालय का संचालन समय प्रातः 7:00 बजे से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक करने की मांग किए। उपायुक्त ने साहू का आश्वसन दिए की राज्य के शिक्षा विभाग के आलाअधिकारी से वार्ता कर छात्र हित में समुचित निर्णय लिया जाएगा।

# लोहरदगा : भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त

खबर मंत्र संवाददाता

कैरो। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही प्रचंड गर्मी से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम में बदलाव के साथ अचानक हो रही गर्मी की बारिश से जहाँ आम जनता का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है।

वही स्कूली बच्चों को भी इसका मार झेलना पड़ रहा है। साथ ही खेती करने वाले किसानों के सामने भी गर्मी की भयावह स्थिति होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्र छात्राओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी में विद्यालय से घर वापिस होने समय बीमार पड़ने जैसा अनुभव हो रहा है। वहीं किसान राजकुमार टाना भगत, बुलु महतो, खुदी उरांव, बहादुर उरांव सहित किसानो ने बताया कि पिछले बार ओलावृष्टि से पूरा फसल बर्बाद हो गया। जिसके बाद किसी तरह इस बार फिर से खेती किये हैं किंतु गर्मी के बढ़ने से पानी की कमी और खेतों में सुखाड़ सा स्थिति उतपन्न हो रही है। सूरज की किरणों से आग बरस रहा है जिससे धरती जल रहा है। शनिवार को पारा 39 तक पहुंच गया वही भीषण लू चलने से क्षेत्र के लोगो के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी शामिल हुए



भंडरा। भौरो के देवी मंडप चौक में नवनिर्मित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में विश्व हिंदू परिषद झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, देवी सिंह प्रांत संगठन मंत्री एवं डॉक्टर ललन कुमार शर्मा, महामंत्री एकल अभियान कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मंदिर निर्माण में इन सबों का अहम भूमिका रहा। उनके द्वारा मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा सहयोग किया गया। जिससे कि भंवरों के ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। विश्व हिंदू परिषद एवं एकल अभियान के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बारे में चंद्र कांत रायपत के द्वारा जानकारी दी गई। भौरो में भी सभी योजनाओं की जल्द शुरूआत करने की बात कही गई। मौके पर भौरो के ग्रामीण उपस्थित हुए बादल प्रजापति, उमेश प्रजापति, चरण देव प्रजापति, बुद्धेश्वर प्रजापति, विश्वजीत सिंह, आशीष पांडे, अरुण पांडे, परमानंद प्रजापति, वीणा देवी, सीता देवी, बसंती देवी, विनोद विष्णु सिंह, बबलू पंडा, आनंद दुबे, अनीत कुंदन, अच्युतानंद, रमन साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### मूर्ति विसर्जन के साथ ही चैती दुर्गा पूजा हुआ संपन्न



सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा ठाकुरबाडी प्रांगण में जगन्नाथ महाप्रभु पूजा समिति के द्वारा चैती दुर्गा पूजा का मूर्ति विसर्जन के साथ समापन किया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान भक्तो ने माता रानी की जय, जय माता दी,अम्बे मईया का जयकारा लगा रहे थे। चैती नवरात्र के अवसर पर सप्तमी से मां दुर्गा लक्ष्मी सरस्वती गणेश और कार्तिक भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही थी। जिसे शुक्रवार शाम को सेन्हा प्रखंड बस्ती के बांध टोली स्थित बांध में हर्षोल्लास व उमंग के साथ भक्तों द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर रामहरि महतो, नंदलाल महतो, कृष्णा पाठक, उज्जवल पाठक, सिद्धार्थ पाठक, संदीप महतो, विकास पाठक, दीपक महतो, संतोष कुमार, दिलीप महतो, परीक्षित कुमार, अभिषेक, नितेश, सरोज सहित अन्य उपस्थित थे।

### आपसी विवाद में पति ने किया पत्नी की गला दबाकर हत्या, बच्चे नही होने से था नाराज

लोहरदगा। जिले के सेरेंगदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसाग गांव में पारिवारिक विवाद में हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है। जहां एक पति ने बच्चे नही होने से नाराज होकर अपनी पत्नी की गला दबाकर कर हत्या की घटना को अंजाम दिया हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी पति उदयनाथ उरांव अपनी मृतक पत्नी कुशमा तिर्की से बच्चे नही होने को लेकर नाराज चल रहा था और इसे लेकर दोनो मे कई बार विवाद होता था। वही आरोपी पति पत्नी से दहेज का मांग कर प्रताड़ित भी किया करता था। वही दोनो पति पत्नी में बच्चे नही होने और दहेज नहीं मिलने पर विवाद बढ़ता गया और पति ने तैश में आकर पत्नी को गला दबा दिया जिससे पत्नी की मौत हो गई। घटना के सूचना परिजनों को मिली परिजनों ने पति पर ही हत्या करने का आरोप लगाते हुए करवाई करने का मांग किया है। वही सेरेंगदाग थाना को हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया और आगे की करवाई में जुट गई है।

# जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने चैनपुर में बने कलस्टर का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की ली जानकारी**



खबर मंत्र संवाददाता

चैनपुर। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती देवी ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड में बने कलस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान राज्यकृत बालक मध्य विद्यालय चैनपुर (डी.बी स्कूल) में पोलिंग टीम के रहने की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कई निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए निमित्त उपलब्ध कराई जाने वाले विभिन्न सुविधाओं का भी जायजा लिया। जिसमें साफ सफाई, शौचालय प्रकाश व्यवस्था, मोबाईल चार्जिंग में कोई परेशानी ना हो उसकी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखे जाए। जिसमें कि पोलिंग स्टॉफ एवम मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका स्वस्ति देवी, कावेरी गुप्ता उपस्थित थी।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में लेटरल एंट्री डिप्लोमा इंजीनियरिंग में नामांकन आरंभ

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में लेटरल एंट्री डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में नामांकन आरंभ हो गया है। छात्रों के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग में लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे द्वितीय वर्ष में नामांकन का सुनहरा अवसर है। जिन्होंने गणित के साथ इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया है या मान्यता प्राप्त संस्थान से आईटीआई पूरा किया है और इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करने में रुचि रखते हैं। वे सीधे गुमला पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश ले कर केवल दो वर्ष में कनिष्ठ अभियंता बनने की पात्रता पा सकते। आज के तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य में, इंजीनियरिंग का क्षेत्र रोजगार की अपार संभावनाएं प्रदान करता है और गुमला पॉलिटेक्निक इच्छुक छात्रों को उनके करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सुलभ अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित है। इच्छुक छात्र-छात्राएं को गणित विषय के साथ इंटरमीडिएट या आईटीआई न्यूनतम 45 प्रतिशत मार्क्स से उत्तीर्ण होना चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

### तीसरे दिन भी नामांकन नहीं

गुमला। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन भी किसी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी शनिवार को निर्धारित समय से प्रत्याशियों के इंतजार में नामांकन कक्ष में बैठे रहे। लेकिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पर्चा नहीं भरा। वहीं एक उम्मीदवार के द्वारा नामांकन हेतु शनिवार को पर्चा खरीदा गया। अब सोमवार को नामांकन के लिए शायद प्रत्याशी पहुंचेंगे।

# रन फॉर वोटिंग अवेयरनेस (रनाथॉन) का आयोजन आज

**25 अप्रैल नामांकन की अंतिम तिथि**



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोकसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा में होने वाले निर्वाचन प्रक्रिया की अधिसूचना जारी होते ही जिला प्रशासन लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इसी लेकर लोकसभा चुनाव के निमित्त स्वीप गतिविधि अंतर्गत आज रन फॉर वोटिंग अवेयरनेस (रनाथॉन) का आयोजन अब सुबह 7 बजे से किया जाएगा। पूर्व में इस कार्यक्रम का समय सुबह 6 बजे से निर्धारित था। इस दौड़ में वैसे व्यक्ति जिनकी उम्र 15 वर्ष या इससे अधिक है और वे शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हैं, भाग ले सकते हैं। दौड़ की शुरूआत समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होगी जो कचहरी मोड़, ब्लॉक मोड़, पावरगंज, बगडू मोड़, भट्ठी ढलान, वीर शिवाजी चौक, पावरगंज चौक, बाबा मठ, मैना बगीचा होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में संपन्न होगी।

**इस बार दिन भर मतदान**

लोहरदगा जिला में इस बार लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत दिन भर यानी सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। मतदाता अपना वोट इस दौरान कभी भी कर सकेंगे।

इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा बताया गया कि 25 अप्रैल तक प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 26 अप्रैल 2024 को की जाएगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024 तक होगी। 12-लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में मतदान 13 मई को होंगे। मतगणना 4 जून 2024 को होगी। लोहरदगा जिला में निर्वाचन संबंधित प्रक्रिया के बेहतर आयोजन के लिए कुल 19 कोषांगों का गठन किया गया है जो क्रियाशील हैं। कमीशनिंग 1 मई से 10 मई तक की जाएगी। मतदान को लेकर 30 अप्रैल से 6 मई तक बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन के लिए जेनरल ऑब्जर्वर के रूप में केडी कुंजन, (भाप्रसे, 2009 बैच), पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में मनोज कुमार और व्यय प्रेक्षक के रूप में रिजॉय कृष्णन की प्रतिनियुक्ति की गई है। कुल 68 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 5 एफएसटी और एस एसटी दल गठित है और क्रियाशील है। मौके पर एसपी हारिस बिन जमा, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

# रांची ने वेस्ट सिंहभूम को छः विकेट से हराया






**जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट**

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गये मुकाबले में रांची ने वेस्ट सिंहभूम को छः विकेट से पराजित किया। टॉस जीत कर रांची ने पहले क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। अच्छी शुरूआत के बावजूद वेस्ट सिंहभूम की पूरी टीम 36 ओवरों में 137 रनों पर सिमट गयी। टीम की ओर से आर्यन राणा ने सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। वहीं अंजनी कुमार यादव ने 24, एन कार्तिक 18 व कृपा सिंधु ने 13 रन टीम के लिए बनाये। रांची की ओर से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तौहिद अयम ने पांच विकेट चटाकाये। काजी मोहम्मद ने पैनी बोलिंग करते महज 12 रन देकर तीन विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रांची की टीम ने 27.1 ओवरो में चार विकेट के नुकसान पर विजयदायी आंकड़ा छू लिया। रांची के मनमीत सागर ने 42, अनुराग के नाबाद 42 व आदित्या लाल के 16 रनों के योगदान के बदौलत टीम ने सहज जीत दर्ज किया। वेस्ट सिंहभूम की ओर से प्रिंस महाराणा, प्रिंस कुमार यादव, बासुदेव सुंडी व इरफान ने एक -एक विकेट प्राप्त किये। गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले रांची के तौहिद प्लेयर ऑफ द मैच बने। जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह के साथ टीआरडीओ पप्पू सिंह, अंपायर मनोरंजन कांजीलाल, हेमंत ठाकुर ने मैन ऑफ द मैच तौहिद को पांच हजार कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला संघ के सचिव जितेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, सनी साहू, अंकित विश्वकर्मा, शशि कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# हेड-अभिषेक ने तोड़ा दिल्ली का दिल

## हैदराबाद ने दिल्ली को 67 रनों से हराया, नटराजन-कुलदीन ने झटके चार-चार विकेट




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की आतिशी पारी के बाद शाहबाज अहमद के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 266 रन बनाए। जवाब में दिल्ली जैक फ्रेजर मैकगर्क की तूफानी पारी के बावजूद 19.1 ओवर में 199 रनों पर सिमट गई और उसे 67 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड ने 32 गेंदों पर 11 चौके और छह छक्कों की मदद से 89 रन बनाए, जबकि शाहबाज 29 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों के सहारे 59 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए मैकगर्क ने 18 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 65 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए नटराजन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 19 रन देकर चार विकेट लिए।

### मैकगर्क ने पोरेल के साथ निभाई साझेदारी

मैकगर्क को अभिषेक पोरेल का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने 22 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाए। मैकगर्क और पोरेल के बीच तीसरे विकेट के लिए 84 रनों की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले में जोरदार बल्लेबाजी की। दिल्ली ने मैकगर्क की विस्फोटक पारी के दम पर सिर्फ 40 गेंदों पर 100 रनों का आंकड़ा पार लिया था। यह आईपीएल इतिहास का किसी टीम द्वारा बनाया गया चौथा सबसे तेज सैकड़ा था। जिस वक्त यह दोनों बल्लेबाज क्रीज पर मौजूद थे उस समय लग रहा था कि दिल्ली की टीम आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, लेकिन पावरप्ले खत्म होने के बाद सातवें ओवर की अंतिम गेंद पर मयंक मारकंडे ने क्लासेन के हाथों मैकगर्क की पारी का अंत कर दिया जिससे पोरेल के साथ उनकी साझेदारी टूट गई। इसके कुछ देर बाद पोरेल भी अपना विकेट गंवा बैठे।

### हैदराबाद ने बनाया पावरप्ले का सबसे ज्यादा स्कोर

पहले बल्लेबाजी करते हुए हेड और अभिषेक ने धुआंधार पारी खेली और पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 125 रन बनाए जो आईपीएल इतिहास का पावरप्ले में बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर केकेआर के नाम था जिन्होंने 2017 में आरसीबी के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 105 रन बनाए थे। हेड और अभिषेक ने हर गेंदबाज को निशाने पर लिया। हेड ने 16 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया जो इस सीजन का संयुक्त रूप से सबसे तेज पचासा है।

**हैदराबाद 266/7 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| हेड कै. स्टब्स बो. कुलदीप | 89 | 32 | 11 | 06 |
| अभिषेक कै. पटेल बो. कुलदीप | 46 | 12 | 02 | 06 |
| मार्करम कै. पटेल बो. कुलदीप | 01 | 03 | 00 | 00 |
| क्लासेन बो. अक्षर पटेल | 15 | 08 | 00 | 02 |
| रेड्डी कै. वॉर्नर बो. कुलदीप | 37 | 27 | 02 | 02 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 59 | 29 | 02 | 05 |
| समद कै. नॉर्तजे बो. मुकेश | 13 | 08 | 01 | 01 |
| कमिंस रन आउट | 01 | 01 | 00 | 00 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :05

**विकेट पतन** : 131-1, 133-2, 154-3, 154-4, 221-5, 250-6, 256-7.

**गेंदबाज** : खलील अहमद : 3-0-51-0, ललित यादव : 2-0-41-0, एनरिक नॉर्तजे : 3-0-31-0, कुलदीप यादव : 4-0-55-4, मुकेश कुमार : 4-0-57-1, अक्षर पटेल : 4-0-29-1.

**दिल्ली 199/10 (19.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ कै. समद बो. सुंदर | 16 | 05 | 04 | 00 |
| वॉर्नर कै. कमिंस बो. भुवनेश्वर | 01 | 03 | 00 | 00 |
| मैकगर्क कै. क्लासेन बो. मयंक | 65 | 18 | 05 | 07 |
| पोरेल स्टंप क्लासेन बो. मयंक | 42 | 22 | 07 | 01 |
| स्टब्स कै. अहमद बो. नीतीश | 10 | 11 | 00 | 00 |
| पंत कै. नटराजन बो. नीतीश | 44 | 35 | 05 | 01 |
| ललित यादव बो. नटराजन | 07 | 08 | 01 | 00 |
| अक्षर कै. कमिंस बो. नटराजन | 06 | 08 | 00 | 00 |
| नॉर्तजे बोल्ड नटराजन | 00 | 02 | 00 | 00 |
| कुलदीप एलबी डब्ल्यू नटराजन | 00 | 01 | 00 | 00 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 00 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** :08

**विकेट पतन** : 16-1, 25-2, 109-3, 135-4, 154-5, 166-6, 199-7, 199-8, 199-9, 199-10.

**विकेट पतन** : वॉशिंगटन सुंदर : 2-0-46-1, भुवनेश्वर कुमार : 4-0-33-1, कमिंस : 4-0-35-0, नटराजन : 4-1-19-4, मयंक मार्कंडेय : 2-0-26-2, शाहबाज अहमद : 1-0-22-0, नीतीश कुमार रेड्डी : 2.1-0-17-2.

**आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल**

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 07 | 06 | 01 | 00 | 12 | +0.667 |
| हैदराबाद | 07 | 05 | 02 | 00 | 10 | +0.914 |
| कोलकाता | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +1.399 |
| चेन्नई | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.529 |
| लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 00 | 08 | +0.123 |
| मुंबई | 07 | 03 | 04 | 00 | 06 | -0.133 |
| दिल्ली | 08 | 03 | 05 | 00 | 06 | -0.477 |
| गुजरात | 07 | 03 | 04 | 00 | 06 | -1.303 |
| पंजाब | 07 | 02 | 05 | 00 | 04 | -0.251 |
| बेंगलुरु | 07 | 01 | 06 | 00 | 02 | -1.185 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 361 |
| हेड | हैदराबाद | 324 |
| रियान | राजस्थान | 318 |
| रोहित | मुंबई | 297 |
| राहुल | लखनऊ | 286 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 13 |
| चहल | राजस्थान | 12 |
| कोएट्जे | मुंबई | 12 |
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 11 |
| कुलदीप | दिल्ली | 10 |

## राहुल, रुतुराज पर 12-12 लाख रुपये का जुर्माना



**लखनऊ।** लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 के 34वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण दोनों टीमों के कप्तानों पर 12-12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। लीग ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आइपीएल 2024 के 34वें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर जुमार्ना लगाया गया है। चूँकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आइपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, राहुल पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

**आइपीएल में किसी टीम द्वारा सबसे तेज 200 रन**

- 14.1 - बेंगलुरु बनाम पंजाब, बेंगलुरु, 2016 (15 ओवर का मैच)
- 14.4 - हैदराबाद बनाम मुंबई , हैदराबाद, 2024
- 14.5 - हैदराबाद बनाम दिल्ली, दिल्ली, (20/04/2024)
- 14.6 - हैदराबाद बनाम बेंगलुरु, बेंगलुरु, 2024
- 15.2 - कोलकाता बनाम दिल्ली, विजाग, 2024

**आइपीएल में पहले 10 ओवर के बाद सर्वोच्च स्कोर**

- 158/4: हैदराबाद बनाम दिल्ली, दिल्ली, (20/04/2024 )
- 148/2: हैदराबादा बनाम मुंबई, हैदराबाद, 2024
- 141/2: मुंबई बनाम मुंबई, हैदराबाद, 2024
- 135/1 : कोलकाता बनाम दिल्ली, विजाग, 2024


**आइपीएल में सर्वाधिक पावरप्ले स्कोर**

- 125/0: हैदराबाद बनाम दिल्ली 2024 (20/04/2024)
- 105/0: कोलकाता बनाम बेंगलुरु, 2017
- 100/2: चेन्नई बनाम पंजाब, 2014
- 90/0: चेन्नई बनाम मुंबई, 2015
- 88/1: कोलकाता बनाम दिल्ली ,2024

**आइपीएल इतिहास में सबसे तेज टीम शतक (ओवरों के हिसाब से)**

- 5 ओवर: सनराइजर्स बनाम दिल्ली, (20/04/2024)
- 6 ओवर: चेन्नई बनाम पंजाब 2014
- 6 ओवर: कोलकाता बनाम बेंगलुरु, 2017
- 6.5 ओवर: चेन्नई बनाम मुंबई 2015
- 7 ओवर: हैदराबाद बनाम मुंबई 2024

## पंजाब से अहम मुकाबले में गुजरात टाइटंस से भिड़ने को तैयार




**मुल्लांपुर।** टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में पंजाब किंग्स रविवार को यहां गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए तैयार है। सीजन की चुनौतीपूर्ण शुरूआत के बावजूद, पंजाब किंग्स ने मैदान पर आशाजनक प्रदर्शन दिखाया है जो अक्सर अंतिम परिणामों पर भारी पड़ता है।

## पाक ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

**रावलपिंडी।** रावलपिंडी के मैदान पर पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया दूसरा टी20 मुकाबला 91 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.1 ओवर में ही जीत लिया। न्यूजीलैंडकी शुरूआत खराब रही थी क्योंकि पाकिस्तान की नेशनल टीम में लौटे मोहम्मद आमिर ने अपने पहले ही ओवर में टिम रॉबिन्सन को 4 रन पर आऊट कर दिया।

## जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने जड़ी सीजन की सबसे तेज फिफ्टी

एजेंसी



**दिल्ली।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में जब सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले खेलते हुए ट्रेविस हेड के 89 रनों की बदौलत 266 रन जड़े थे तो जवाब में खेलते हुए दिल्ली के बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी सीजन की सबसे तेज फिफ्टी लगा दी। हैदराबाद के गेंदबाज वाशिंगटन सुंदर और मयंक मार्कंडेय को आड़े हाथों लेते हुए फ्रेजर ने 6.4 ओवर में ही टीम का स्कोर 100 पार लगा दिया। उन्होंने 15 गेंदों पर फिफ्टी की। इसी मैच में हैदराबाद के बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने भी 16 गेंदों पर फिफ्टी लगाई थी। फ्रेजर ने 18 गेंदों पर 5 चौके और 7 छक्कों की मदद से 65 रन बनाए। फ्रेजर ने उक्त मुकाबले में 18 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था लेकिन इसके बाद सेंचुरी तक पहुंचने के लिए उन्होंने सिर्फ 11 गेंदें ही खेलीं। जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने यह रिकॉर्ड मार्श वन-डे कप में बनाया था। जेक ने मैच में 38 गेंदें खेलते हुए 10 चौके और 13 छक्कों की बदौलत 125 रन बनाए थे।

## मनु का दमदार प्रदर्शन, अनीश ने दर्ज की जीत



**नयी दिल्ली।** ओलंपियन और महिला पिस्टल शूटर मनु भाकर ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल टी1 (ओएसटी टी1) प्राप्त करने के लिए, विश्व रिकॉर्ड से छह अंक अधिक अंक हासिल करते हुए चार प्रतिद्वंदी महिलाओं को शनिवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में धूल चटा दी। बाद में अनीश भानवाला ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी1 में अपेक्षित विनियमन जीत हासिल की। आज के दिन राइफल और पिस्टल पेरिस ओलंपिक ट्रायल 1 और 2 के पहले विजेताओं की पहचान हुई।

## धोनी को बल्लेबाजी में बदलाव की जरुरत: लारा



**लखनऊ।** वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायल लारा का मानना है कि 42 साल की उम्र में महेन्द्र सिंह धोनी जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, उसको देखते हुये टीम प्रबंधन को उन्हे ऊपर क्रम में भेजने पर विचार करना चाहिये। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शुक्रवार को खेले गये आइपीएल मुकाबले में धोनी की बल्लेबाजी का जिक्र करते हुये उन्होने कहा वह लाजवाब खिलाड़ी है जो मौजूदा सत्र में असाधारण प्रदर्शन कर रहा है। वह सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आते हैं और पांच या दस गेंदों का सामना कर विरोधी गेंदबाजों को दवाब में लाने में सफल रहते हैं। यह बहुत शानदार है। उनसे सवाल पूछना होगा कि क्या आप ऊपर बैटिंग करना चाहेंगे, क्योंकि मैं देख सकता हूं कि वह बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। चेन्नई की हार के कुछ कारण भी हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि इस पर विचार होना चाहिए।

## बेंगलुरु के सामने कोलकाता की कठिन चुनौती

एजेंसी





**कोलकाता।** हार दर हार से आजिज आ चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को बखूबी पता है कि अब किसी चूक की गुंजाइश नहीं है लिहाजा रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उसे हर हालत में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सात मैचों में से छह हार के बाद आरसीबी का पहला आइपीएल खिताब जीतने का सपना टूटता नजर आ रहा है। लगातार पांच हार के बाद आरसीबी अंकतालिका में सबसे नीचे है और प्लेआफ की उम्मीदें बनाये रखने के लिए उसे बाकी सातों मैच जीतने होंगे। आरसीबी की कमजोर कड़ी उसके गेंदबाज साबित हुए हैं और टीम पूरी तरह से विराट कोहली, फाफ डु प्लेसी और दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी पर निर्भर रही है। ऐसे में केकेआर की चुनौती उसके लिए काफी कठिन होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसी ने कहा था, गेंदबाजी में हमारी तरकश में ज्यादा तीर नहीं है। इससे सारा दबाव बल्लेबाजों पर आन पड़ा है। हम सिर्फ बड़े स्कोर बनाकर ही मैच जीत सकते हैं। हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ ही टूनार्मेंट का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 287 रन बनाया था। इस सत्र में सबसे महंगे 11 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदे गए अलजारी जोसफ ने तीन मैचों में एक ही विकेट लिया और 11.89 की इकॉनॉमी रेट से रन दिए।

## कार्तिक का दावा- टी20 विश्व कप खेलने के लिए हूं पूरी तरह तैयार

**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारत के लिए फिर से खेलने के अपने सपने को नहीं छोड़ा है और टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए वह वो सबकुछ करेंगे जो वह कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप तक कार्तिक 39 साल के हो जाएंगे। वह 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के अंतिम चरण का भी हिस्सा थे जो भारतीय टीम के लिए उनका अंतिम टूनार्मेंट था। तब से वह क्रिकेट विशेषज्ञ बन गए हैं और कमेंट्री भी करने लगे हैं।

## अमेरिकी धावकों ने डिस्टेंस मेडले रिले का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** ब्रैनन किडर, ब्रैंडन मिलर, यशायाह हैरिस और हेनरी वाईन ने मिलकर अमेरिका के यूजीन में ओरेगॉन रिले में 9:14.58 सेकंड का डिस्टेंस मेडले रिले विश्व रिकॉर्ड बनाया। डिस्टेंस मेडले रिले में 1200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1600 मीटर के चरण शामिल हैं। मिलर ने 400 मीटर के लिए 46.60 रन बनाने से पहले किडर ने 2:49.60 के अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। किडर ने शुक्रवार को 2:49.60 सेकंड के साथ अपने 1200 मीटर लेग के साथ शुरूआत की। इससे पहले मिलर ने 400 मीटर रेस 46.60 सेकंड में पूरी की। विश्व एथलेटिक्स से प्राप्त जानकारी के अनुसार, हैरिस ने 800 मीटर के लिए 1:45.75 सेकंड का समय निकाला, वहीं विने अंतिम 1600 मीटर चरण के लिए 3:52.64 सेकंड की दौड़ के बाद बैटन घर ले आए। उनका संयुक्त समय 9:14.58, बहामास में 2015 विश्व एथलेटिक्स रिले में संयुक्त राज्य अमेरिका के काइल मर्बर, ब्रिसेन स्प्रैटलिंग, ब्रैंडन जॉनसन और बेन ब्लेंकशिप द्वारा निर्धारित 9:15.50 के पिछले विश्व रिकॉर्ड से बेहतर है। विश्व एथलेटिक्स रिले का अगला संस्करण 4-5 मई को नासाउ में आयोजित किया जाएगा।

## मेरा फोकस 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक पर : दुबे



**नयी दिल्ली।** तेज तर्राक फॉरवर्ड प्रीति दुबे का कहना है कि उनका लक्ष्य 18 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना और 2028 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में देश के लिये पदक लाना है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बैंगलोर में 33 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये आयोजित में शिविर में पसीना बहा रही उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की 25 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 2017 में हॉकी वर्ल्ड लीग सेमीफाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम का आखिरी बार प्रतिनिधित्व किया था। 33 सदस्यीय दल में उनका चयन पुणे में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ था।

# अंशु-विनेश और रीतिका ने हासिल किया ओलंपिक कोटा

एजेंसी

**बिश्केक।** भारत के स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट और अंशु मलिक ने बिश्केक में जारी एशियन ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है।

### विनेश की जीत

विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लौरा गैनिक्जी को 10-0 से हराकर महिला 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने 4:18 मिनट में लड़ाई जीत ली। अब उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे क्यूनिमजेवा से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की मेंग ह्सुआन हसी को 4-2 से हराया है।

### निशा दहिया को मिली हार

भारत की चार महिला पहलवानों ने जहां सेमीफाइनल में जगह पक्की की, जबकि एक अन्य पहलवान निशा दहिया (68 किग्रा) सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गईं। उन्होंने पहले दौर में उत्तर कोरिया की सोल गुम पाक को 8-3 से हराया। लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सकीं और किर्गिस्तान की मीरिम जुमानाजारोवा से हार गईं। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्किये में नौ मई से खेला जाएगा। अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरूआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था।

### विनेश की दमदार शुरूआत







विनेश ने महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में कोरिया की प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकेंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में विनेश ने कंबोडिया की एसमानांग डिट को महज 67 सेकेंड में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पहुंचने वाले दो पहलवानों को ओलंपिक कोटा मिलेगा। विनेश चयन ट्रायल में जीतने के बाद 50 किग्रा वर्ग में खेल रही हैं। अगर वह चूक भी जाती हैं तो 53 किग्रा वर्ग में दावेदार होंगी जिसमें अंतिम पंघाल ने कोटा हासिल किया है। अंतिम को एक और ट्रायल में उतरने के लिए कहा जा सकता है।

### अंशु को सीधे क्वार्टर फाइनल में मिला प्रवेश




विश्व चैंपियनशिप 2021 की रजत पदक विजेता अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उन्होंने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिमबेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। वहीं, अंडर-23 विश्व चैंपियन रितिका ने 76 किग्रा वर्ग में युंजू हवांग को हराया। पहला दौर उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीता। इसके बाद मंगोलिया की दावानासान एंख एमार को भी इसी तरह से मात दी। चीन की जुआंग वांग के खिलाफ आखिरी ग्रुप मुकाबले में उन्होंने 8-2 से जीत दर्ज की। मानसी अहलावत (62 किग्रा) भी अंतिम चार में पहुंच गईं। उन्होंने कजाखस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6-4 से हराया।

## टी20 महिला विश्व कप से युवाओं के लिये चयन के दरवाजे खुले: नाइट



**लंदन।** इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की चाहत है कि साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आइसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 से पहले इंग्लैंड के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बल पर टीम में चयन के लिये आगे आयें। नाइट ने घरेलू खिलाड़ियों को टी20 विश्वकप के लिये अपना नाम दावेदारी में रखने के अवसरों का संकेत दिया है। इंग्लिश समर की शुरूआत 21 अप्रैल को 50 ओवर की राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी के साथ होगी, जिससे घरेलू खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप टीम की योजनाओं में खुद को शामिल करने का मौका मिलेगा।

## एमिटी इंडियन नेशनल एफसी ने सुदेवा एफसी को 2-1 से हराया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पश्चिम जिला निर्वाचन कार्यालय ने व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के लिए लाडपुर गांव के जय दादा पौबारा ग्राउंड में दो दिवसीय (19 और 20 अप्रैल) फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच में शनिवार को एमिटी इंडियन नेशनल एफसी ने सुदेवा एफसी को 2-1 से हराया। फुटबॉल मैच को उद्देश्य मतदान के लिए व्यापक जागरूकता पैदा करने और लोकसभा आम चुनाव-2024 में स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधि के रूप में अधिकतम चुनावी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## बेतिया में 7 करोड़ की चरस समेत तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया।** पड़ोसी देश नेपाल से सात करोड़ अंतराष्ट्रीय मूल्य की चरस लेकर बेतिया पहुंचे तीन तस्करों को बेतिया नगर पुलिस की टीम ने सुप्रिया रोड व बस स्टैंड में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी शुक्रवार की देर शाम की गयी है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने बताया कि पुलिस टीम ने दो जगहों पर छापेमारी कर 35.766 किलो चरस के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सुप्रिया रोड में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले इकट्ठा हुए है।

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज बिहार के कटिहार में रैली को करेंगे संबोधित

एजेंसी

**कटिहार (बिहार)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 21 अप्रैल (रविवार) को कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। गृहमंत्री के कटिहार आगमन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे रैली की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को कटिहार पहुंचे। मंगल पांडेय पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के कटिहार के मिचाईबाड़ी आवास पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक के बाद मीडिया से रूबरू हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बिहार प्रदेश के साथ पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की



लहर चल रही है। बिहार में पहले चरण में हुए मतदान प्रतिशत में कमी पर उन्होंने कहा कि मौसम में ज्यादा गर्मी की वजह से थोड़ा मतदान प्रतिशत कम हुआ है। इसके बावजूद लोगों ने इस बार चार सौ से ज्यादा लोकसभा सीट एनडीए की झोली में डालने का मन बना लिया है। उल्लेखनीय है कि कटिहार लोकसभा सीट से एनडीए से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका सीधा चुनावी मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर से है। लोकसभा चुनाव 2019 में दुलालचंद गोस्वामी कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता और पांच बार सांसद रहे तारीक अनवर को 57,203 मतों से हराकर सांसद बने थे। कटिहार लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है और 24 अप्रैल को यहां चुनाव प्रचार थम जायेगा।

## चिराग पासवान ने आरजेडी पर साधा निशाना, कहा
# उनकी सोच एसटी-एससी विरोधी, सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं

एजेंसी

**पटना।** लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने शनिवार को राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राजद की सोच एसटी-एससी विरोधी है। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज के लोग इनके साथ नहीं हैं। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चिराग पासवान ने कहा कि पहले चरण में बिहार की चार सीट पर जिस तरीके से रुझान सामने आ रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि सभी सीट एनडीए के खाते में आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी घटक दल ने ईमानदारी से प्रचार-प्रसार किया। अपने मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए और मतदान के बाद जिस तरीके से रुझान आने लगे हैं, स्वाभाविक है जो फीडबैक निकलकर सामने आ रहा है, उसके आधार पर बिहार के सभी चार सीट पर एनडीए के प्रत्याशी की जीत होगी। पासवान ने कहा कि विपक्षी खेमे में निराशा है पहले चरण की वोटिंग के बाद एनडीए को बढ़त मिलनी शुरू हो



गई है। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता, वाम दल का कोई बड़ा नेता प्रचार-प्रसार में नहीं आया। ऐसा लगता है कि विपक्ष की प्रचार-प्रसार में कोई भूमिका नहीं है।

तेजस्वी की सभा में अभद्र टिप्पणी मामले में चिराग ने फिर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मीसा भारती और तेजस्वी के बयान कहीं से उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि लालू परिवार के सदस्य जिस तरीके की परंपरा को अपनाने का काम कर रहे हैं, वो 80 के दशक में जन्म लेने वाले 90 के दशक को नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का गाली देना कल्चर है।

# पीएम मोदी 26 को अररिया में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित, तैयारियां शुरू

एजेंसी

**अररिया (बिहार)।** राज्य के अररिया में तीसरे चरण में सात मई को चुनाव होना है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांचवीं बार बिहार आ रहे हैं। वे 26 अप्रैल को फारबिसगंज के हवाई अड्डा के मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। फारबिसगंज के अर्द्ध निर्मित हवाई पट्टी क्षेत्र में होने वाले चुनावी सभा की तैयारी शुरू कर दी गई है।

मंच और पूरे फील्ड का शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, महिला सेल की जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल, बिमल सिंह और रोहित यादव आदि के साथ हवाई फील्ड का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने कहा कि प्रधानमंत्री पांचवीं बार फारबिसगंज



में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह है। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी ने कहा कि फारबिसगंज की धरती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबसे ज्यादा बार पदार्पण है। उन्होंने दावा किया कि पिछली बार चार लाख के करीब लोग प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए आए थे और इस बार चार लाख से अधिक लोग चुनावी सभा में शामिल होंगे।

**पीएम के कार्यक्रम की तैयारी :** प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। हवाई फील्ड के अगल बगल के क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया है।वहीं हवाई फील्ड की ओर जाने वाले सड़क के मरम्मती का काम विभाग की ओर से शुरू किया गया है।

हवाई फील्ड से सटे रिफ्यूजी कॉलोनी मध्य विद्यालय का रंग रोगन और मरम्मती का काम किया जा रहा है। फारबिसगंज प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सूर्य प्रकाश यादव के नेतृत्व में स्कूल के मरम्मती और रंग रोगन का काम किया जा रहा है।सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को काम पर लगाया गया है।खुद बीईओ चल रहे काम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मौके पर मौजूद बीईओ सूर्य प्रकाश यादव ने बताया कि पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर एनएसजी,मेडिकल कैंप सहित सुरक्षा गार्ड आदि के ठहराव और कैंप को लेकर रंग रोगन और मरम्मती का काम करवाया जा रहा है।उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक संख्या में मजदूरों को लगाया गया है,जिससे निर्धारित समय सीमा में काम पूरा कर लिया जाय। उल्लेखनीय है कि 2019 और 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा हवाई अड्डा के मैदान में हुई थी। उस समय सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों का यह विद्यालय बसेरा बना हुआ था।सभा के दिन मेडिकल कैंप बनाया गया था।हवाई अड्डा से देवराहा बाबा कॉलेज होकर फारबिसगंज कॉलेज चौक वाले सड़क का निर्माण कार्य पिछली बार पीएम के सभा में हुई थी और एक बार फिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े इस सड़क पर मरम्मती का काम किया जा रहा है।

## मतदान केंद्र से चोरी गई पुलिस का एसएलआर एवं गोली बरामद

**नवादा।** पुलिस ने नवादा जिले के पकरीबरमा थाने के राजाबीघा प्राथमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र संख्या 234 पर से पुलिस की चोरी गई सेल्फ लोडिंग राइफल तथा 30 कारतूस शनिवार को पुलिस ने बरामद कर ली है । नवादा के एसपी कार्तिकेय शर्मा ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर आज बताया कि पकरीबरावां के थाना अध्यक्ष अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। जिनके नेतृत्व में चोरी किए गए राइफल तथा कारतूस को ताबड़तोड़ छापेमारी के बाद राजेबीघा गांव के ही एक झाड़ी से बरामद कर लिया गया है। सच्चाई है कि गांव में एक बारात आई थी।

## जदयू प्रत्याशी अजय मंडल ने सज्जादानशीं से की मुलाकात

**भागलपुर।** भागलपुर के सांसद और जदयू प्रत्याशी अजय कुमार मंडल ने शनिवार को देश की प्रसिद्ध खानकाह-ए-पीर दमड़िया शाह पहुंचे और 15वें सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन से आशीर्वाद लिया। सांसद अजय मंडल ने सज्जादानशीं से अपने कार्यकाल में किए गए कामों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतिश के नेतृत्व में सम्पूर्ण बिहार सहित भागलपुर का विकास हुआ है। चुनाव जीतने के बाद और तेजी से विकास होगा। इस अवसर पर सज्जादानशीं शाह हसन ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि 18 वर्षों से समाजिक न्याय के साथ नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार का काफी विकास हुआ है और यह किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अल्पसंख्यकों की हितों के लिए भी कई योजनाएं चलाई हैं जो धरातल पर दिखाई देता है।

## बहिष्कार किए गए मतदान केंद्रों पर दोबारा नहीं पड़ेंगे वोट : प्रशान्त

**नवादा।** नवादा के डीएम सह जिला निवार्ची पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा है कि नवादा जिले के गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के कोइल्जा तथा दनिया मतदान केंद्र पर वोट बहिष्कार किए जाने के बावजूद भी दोबारा मतदान नहीं कराया जाएगा । जिला प्रशासन के सारी व्यवस्था के बावजूद अगर स्वैच्छिक तरीके से मतदान नहीं किया गया तो निश्चित तौर पर यह मतदाताओं की जिम्मेदारी बनती है। वे शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बड़ी ही खुशी की बात है कि शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराया गया। आज तक भी किसी अप्रिय घटना जिले के किसी कोने में घटित होने की सूचना नहीं आई है। उन्होंने कहा कि 6 विधानसभा वाले नवादा लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक वोट रजौली विधानसभा क्षेत्र में 46% पड़े हैं तथा सबसे कम वोट वारसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में 40.69% पड़े। डीएम ने बताया कि बरबीघा विधानसभा क्षेत्र में 44.28 प्रतिशत ,नवादा विधानसभा क्षेत्र में 43.14% ,हिसुआ विधानसभा क्षेत्र में 44.12% ,गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र में 41.3 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है। डीएम ने बताया कि 20 लाख 6 हजार 124 मतदाताओं में से 8 लाख 66 हजार 0735 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया है।

# आईएनडीआईए की सरकार बनी तो गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख की राशि: राहुल

एजेंसी

**भागलपुर (बिहार)।** राज्य के भागलपुर के सैंडिंस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा। राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों



की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने हिन्दुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बना रखा है। देश के युवा हर दिन सात-आठ घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक में लगे रहते हैं। मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारी फैला दी है। इसलिए इंडिया अलायंस ने सत्ता में आने के बाद हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर के लिए पहली नौकरी पक्की करने की योजना बनाई है। राहुल ने कहा कि इस योजना के तहत हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर को अप्रेंटिस ट्रेनिंग का अधिकार दिया जाएगा। जैसे केंद्र सरकार ने मनरेगा का अधिकार दिया उसी तरह से अब हर ग्रेजुएट को पहली नौकरी का अधिकार देगी। इसके तहत निजी, पीएसयू और सरकारी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी मिलेगी और एक साल अच्छा काम करने वाले युवाओं को परमानेंट जॉब मिलेगी। इस योजना से देश में प्रशिक्षित युवाओं की फौज खड़ी होगी। राहुल गांधी ने यह भी भरोसा दिलाया कि आईएनडीआईए की सरकार बनते ही पांच अलग-अलग तरीके के जीएसटी को खत्म कर एक टैक्स की व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कम से कम टैक्स की व्यवस्था की जाएगा। इसके अलावा मनरेगा, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के मानदेय में बढ़ोतरी के साथ ही न्यूनतम मजदूरी की दर भी बढ़ोतरी की जाएगी। बिहार इस बार अच्छे परिणाम आईएनडीआईए के पक्ष में देने का काम करेगा। साथ ही कहा कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, बिहार में निवेश का मुद्दा सबसे बड़ा है। बिहार में कारखाने लगने चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में पलायन का मुद्दा है। केंद्र सरकार बहाली नहीं निकाल रही है। सबसे ज्यादा बहाली सेना और रेलवे में निकलती थी, वह चौपट हो गया है। बीते 08-10 साल से रेलवे में कोई अच्छी बहाली नहीं निकली है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों में संपन्न चुनाव के साथ ही बीजेपी-एनडीए की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

## अग्निवीर योजना खत्म करने और हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार देने का किया वादा

**भागलपुर।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र में चुनाव बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना को समाप्त करने और देश के हर युवा को पहली नौकरी का अधिकार देने वादा किया। श्री गांधी ने शनिवार को यहां कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने जिस तरह मनरेगा के तहत रोजगार का अधिकार दिया उसी तरह केंद्र में बनने वाली हमारी अगली सरकार देश के हर स्नातक और डिप्लोमा धारी को पहली नौकरी का अधिकार देगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि पहली नौकरी के अधिकार का मतलब है कि देश के सभी के सभी ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक साल के लिए अप्रेंटिसशिप मिलेगी। इस दौरान उन्हें प्रति माह आठ हजार पांच सौ रुपये की दर से साल में एक लाख रुपए उनके अकाउंट में 'खटाखट-खटाखट' मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी ट्रेनिंग होगी और पहले साल उन्होंने अच्छा काम किया तो उनकी नौकरी स्थाई हो जाएगी ।

यह नौकरी प्राइवेट सेक्टर, पब्लिक सेक्टर और सरकार में होगी। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और सेना के खिलाफ अग्निवीर योजना लागू की है । ये योजना हिंदुस्तान के किसी भी युवा को अच्छी नहीं लगती है । उन्होंने कहा, जैसे ही केंद्र में हमारी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) की सरकार आयेगी, हम इस योजना को उठा कर फेंक देंगे, खत्म कर देंगे ।इस योजना की कोई जरूरत नहीं है। हिंदुस्तान को दो तरह के शहीद नहीं चाहिए।

## पेज एक का शेष

### सोमवार से 11.30 बजे...

मौसम विभाग ने कई दिन तक उष्ण लहर (हिट वेब) का अलर्ट जारी कर रखा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 अप्रैल तक झारखंड के अलग-अलग जिलों में कुछ जगहों पर हिट वेब की स्थिति बनी रहेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड के कोल्हान प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, पलामू प्रमंडल और संताल परगना प्रमंडल के कई जिलों में हीट वेव से लोगों को जूझना पड़ेगा। पलामू , सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिलों में कुछ जगहों पर लोगों को भीषण गर्मी झेलनी होगी। बोकारो, धनबाद और रामगढ़ में कहीं-कहीं हीट वेव का प्रोकप लोगों को झेलना होगा। राजधानी रांची में भीषण गर्मी का प्रकोप रहेगा। देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति रहेगी। 22 अप्रैल को भी लोगों को तपती-चुभती गर्मी से राहत मिलने वाली नहीं है। 23 को इस चुभती गर्मी से दक्षिणी झारखंड के कुछ भागों में लोगों को फौरी राहत मिल सकती है, क्योंकि उस दिन बारिश होने के आसार हैं।

### झारखंड में प्रतिभा की ...

इसी कड़ी में वह शुक्रवार की शाम रांची पहुंचे और शनिवार को ओरमांझी कार्यक्रम में भाग लिया।

**बचपन के दिन याद आ गये :** ओरमांझी के बरवे पतारा मैदान में सचिन तेंदुलकर ने संस्था युवा की फुटबालर बेटियों के साथ फुटबाल का आनंद लिया और उनसे शिक्षा व खेल सुविधाओं की जानकारी ली। सचिन ने कहा, बच्चों के साथ समय बिता अपने बचपन के दिन याद आ गये। आज बच्चों के साथ संय व्यतीत करना हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण दिन रहा। **सचिन की झलक पाने को बेताब :** विश्व के महान क्रिकेट खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए युवा बेताब दिखे। सैकड़ों युवाओं की भीड़ स्कूल कैंपस के बाहर नजर आयी। सचिन तेंदुलकर ने भी युवाओं को स्कूल के बॉलकनी से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सचिन तेंदुलकर जब निकलने लगे तो फैंस की भीड़ सचिन को देखने के लिए जुट गयी। कई लोगों ने अपना शर्ट और अपने शरीर पर पहने कपड़े उतारकर सचिन के हाथों में दिया, ताकि उन्हें ऑटोग्राफ मिल सके। सचिन ने भी कई लोगों को ऑटोग्राफ दिया।

सचिन ने कहा कि एनजीओ सचिन तेंदुलकर फांउडेंशन के माध्यम से खेल के साथ शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा देश की बेहतरी के लिए बच्चों के भविष्य को संवाराना जरूरी है। उन्होने बच्चों के माता पिता से भी अपील किया कि अपने बच्चों के भविष्य संवारने में जरूर ध्यान दें। उन्होंने कहा, फाउंडेशन से जुड़े बच्चों के कारण ही आज ओरमांझी आने का अवसर मिला। बच्चों से मिलने व बात करने पर काफी खुशी जताया। वह सुबह 9:30 बजे के करीब बरवे पतरा ओरमांझी पहुंचे थे। लगभग 3:30 घंटे वहां रहे। बच्चों के साथ सेल्फी ली।

### मोदी सरकार के...

**दिल्ली में विपक्ष कर चुका है महारैली :** गौरतलब हो कि इससे पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में केंद्र की मोदी सरकार, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के विरोध के साथ ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप की महारैली हुई थी। इस महारैली में कल्पना सोरेन और अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने पहली बार मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला था। 21 को दूसरा मौका होगा जब कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक मंच से उलगुलान करेंगी। उलगुलान महारैली को लेकर रांची झामुमों के झंडे से पट गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की साथ वाली तस्वीर के बैनर-पोस्टर शहर में जगह-जगह लगाये गये हैं। महारैली को ले कर सुरक्षा की पूरी तैयारी कर ली गयी है। 2000 जवानों के साथ एटीएस की टीम भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। एयरपोर्ट पर कारकेड का किया गया रिर्हसल, सिटी एसपी को मिला है सुरक्षा का जिम्मा

### हम गरीबों को...

उन्होंने कहा, कहा कि यह सरकार न सिर्फ अपनी नौकरी से रिटायर हो रही हैं और खुद 75 साल की उम्र में पीएम बनने के लिए वोट मांग रही हैं।

**नीतीश कुमार लालू-राबड़ी पर बरसे :** पूर्णिया में जदयू के संतोष

## आर्म्स लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले दो गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** पुलिस ने हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले दो युवकों को आर्म्स के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी स्व. केश्वर चौधरी का पुत्र बीरबल चौधरी 23 वर्ष एवं रेजो गांव निवासी राजेंद्र चौधरी का पुत्र अवोश चौधरी 24 वर्ष दोनो साथ में आर्म्स लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। जिसकी जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनके निशानदेही पर एक देषी कट्टा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया। दोनों युवकों के विरुद्ध भादवि की धारा 25 (1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## विद्यालय में मनाई गई महावीर स्वामी की जयंती

**भागलपुर।** पूरनमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर नरगा कोठी के वंदना सभागार में शनिवार को महावीर स्वामी की जयंती भैया बहनों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ममता जायसवाल एवं शिशु भारती के अध्यक्ष शाश्वत सौरभ ने दीप प्रज्वलित कर एवं महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया । मौके पर ममता जायसवाल ने कहा कि महावीर स्वामी की जयंती 21 अप्रैल को है। किंतु रविवार होने के कारण पूर्व संध्या पर आज भैया बहनों के द्वारा मनाया जा रहा है। महावीर स्वामी के जीवन एवं शिक्षाओं से भैया बहनों को प्रेरणा लेकर जीवन में उचित पथ पर चलना चाहिए। अहिंसा ही व्यक्ति का सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक आत्मा स्वयं में सर्वज्ञ एवं आनंदमय है। सभी प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना चाहिए। हर व्यक्ति सही दिशा में सर्वोच्च प्रयास करके देवत्व को प्राप्त कर सकता है। असली शत्रु व्यक्ति के भीतर है वह है क्रोध, घमंड, लालच, आसक्ति एवं नफरत।

# पेयजलापूर्ति के लिए समाजसेवी ने कार्यपालक को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम वार्ड में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति कराने एवं प्रधानमंत्री आवास के किस्त को अविलंब भुगतान कराने की मांग की है।

दिए गए आवेदन में कहा गया कि लगातार बढ़ती इस भीषण गर्मी के कारण पानी का जमीनी लेयर काफी नीचे चला गया है। जिस कारण ज्यादातर चापाकलों में पानी देना बंद हो गया है। इतना ही नहीं जन समस्या के साथ ही मवेशी भी पानी प्यास बुझाने के लिए इार उार भटक रहे हैं।

कहा गया कि नगर पंचायत क्षेत्र के ज्यादातर वार्डों में चापाकल खराब पड़े एवं कहीं कहीं लगे



आवेदन देते मारुति नंदन सोनी

जलमीनार पानी देना बंद कर दिया है। उन्होंने कहा है कि नगर पंचायत क्षेत्र के वासियों की समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए अभिलंब टैंकर के माध्यम से पेय जलापूर्ति कराने के साथ ही खराब पड़े चापाकल एवं जल मीनार को अभिलंब बनवाने का निर्देश दिया जाए। साथ ही नागरिक सुविधा मद से नए चापाकल गड़वाने एवं नया जलमीनार लगवाने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास शहरी के लाभुकों का बकाया किस्तों की अभिलंब भुगतान करवाया जाए। आवेदन देने वालों में समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के अलावा पूर्व वार्ड सदस्य विवेक सोनी भी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-पहले चरण में राजग के पक्ष में एकतरफा हुआ मतदान

**एजेंसी**

**नांदेड़ ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया और कहा कि इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साहबजादे केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से हार जाएंगे और उन्हें उसके बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने लोगों से महाराष्ट्र की नांदेड़ और हिंगोली सीट पर भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने की अपील की। मोदी ने नांदेड़ रैली में कहा कि उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में राजग के पक्ष में एकतरफा मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि अमेठी से हार के बाद कांग्रेस के साहबजादे वायनाड से भी हारेंगे। उन्हें 26 अप्रैल के बाद किसी सुरक्षित सीट की तलाश करनी होगी। उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के

**▸▸ विपक्षी गठबंधन के पास कोई चेहरा नहीं, कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार की**

25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे घटक दल

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दल 25 फीसदी सीट पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। चार जून को (चुनाव परिणाम) के बाद वे एक-दूसरे से और लड़ेंगे।



संदर्भ में कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के कुछ नेता लोकसभा छोड़कर राज्यसभा में चले गए क्योंकि उनमें चुनाव लड़ने का साहस नहीं है। मोदी ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस के शासनकाल की खराब चीजों को सुधारने में दस साल लगाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसानों और गरीबों के विकास में बाधक रही है। मोदी ने कहा कि कृषि संकट अभी का नहीं है। यह कांग्रेस की त्रुटिपूर्ण नीतियों के कारण हुआ। मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास कोई चेहरा ही नहीं है। मोदी ने कहा कि वे जो चाहे दावे करें लेकिन हकीकत यही है कि कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव की घोषणा से पहले ही हार स्वीकार कर ली। उन्होंने मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बड़ी संख्या में बाहर निकलने अपील की। मोदी ने कहा कि आप वोट देकर देश का भविष्य सुरक्षित कर रहे हैं। मैं विपक्ष के पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहता हूं। विपक्षी नेता चुनाव हारना तय है लेकिन आपको कभी मौका मिलेगा। मोदी ने कहा कि अगर नागरिकता संशोधन अधिनियम नहीं होता तो अफगानिस्तान से आए सिखों का भविष्य क्या होता।

# भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे पीएम : राहुल गांधी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बांड से जुड़े मुद्दे का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं और चंदे का धंधा समेत प्रत्येक अध्याय वह खुद विस्तार से पढ़ा रहे हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से जारी एक वीडियो विज्ञापन सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा करते हुए प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। इस विज्ञापन में चुनावी बांड के मुद्दे का उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी देश में भ्रष्टाचार का स्कूल चला रहे हैं जहां एंटायर करप्शन साइंस वषय के

**▸▸ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले चुनावी चंदे का धंधा समेत प्रत्येक अध्याय खुद विस्तार से पढ़ा रहे मोदी**

**▸▸ एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर बेल और जेल का खेल कैसे होता है, इनके बारे में पढ़ाया जा रहा है**

तहत चंदे का धंधा समेत प्रत्येक अध्याय वह खुद विस्तार से पढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छापा डालकर चंदे की वसूली कैसे होती है, चंदा लेकर ठेका कैसे बांटा जाता है, भ्रष्टाचारियों को शुद्ध करने वाली वाशिंग मशीन कैसे काम करती है। एजेंसियों को वसूली एजेंट बनाकर बेल और जेल का खेल कैसे होता है, इनके बारे में



पढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन चुकी भाजपा ने अपने नेताओं के लिए इस क्रैश कोर्स को अनिवार्य कर दिया है, जिसकी कीमत देश चुका रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार, भ्रष्टाचार के इस स्कूल पर ताला लगाकर इस कोर्स को हमेशा के लिए बंद कर देगी।

# भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लिए तैयार

## योगी का दावा : पूरे देश में मोदी के लिए प्रचंड जनमत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया कि पूरे देश में मोदी लहर प्रचंड रुप में है और भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने को तैयार है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की समाप्ति के बाद शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आठ सीटों समेत देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। अब तक के रुझान इस बात को बहुत स्पष्टता के साथ प्रदर्शित करते हैं कि पूरे देश में आम जन का मत मोदी सरकार के लिए प्रचंड रूप से सामने आ रहा है। उन्होने

**उप्र के सीएम बोले, पूरी तरह से मोदी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही आधी आबादी**

कहा कि स्वभाविक रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना है, यह अद्भुत और अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी तो पूरी तरह से श्री मोदी के सुरक्षा के मॉडल को अंगीकार कर रही है। श्री मोदी के नेतृत्व में देश में सुरक्षित माहौल के साथ सुशासन का मॉडल भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना



साधते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा शासित राज्यों में मोदी के मार्गदर्शन में सुरक्षा का बेहतर मॉडल दिया है। प्रथम चरण के जो रुझान देखने को मिले हैं, पूर्ण विश्वास है कि सातों चरण में भी यही माहौल देखने को मिलेगा।

## कांग्रेस ने जारी की ओडिशा व बंगाल के प्रत्याशियों की सूची

**मुंबई।** कांग्रेस ने शनिवार को ओडिशा और पश्चिम बंगाल में प्रत्याशियों के नाम की एक लिस्ट जारी की है। कांग्रेस ने ओडिशा में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए भी एक लिस्ट जारी की है। कांग्रेस ने ओडिशा की 16 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया है। पहली लिस्ट में चार प्रत्याशियों के नाम हैं। इसमें तीन प्रत्याशियों के नाम ओडिशा के लिए जबकि एक प्रत्याशी का नाम बंगाल की लोकसभा सीट के लिए घोषित किया गया है। कांग्रेस ने संबलपुर लोकसभा सीट से दुलाल चंद्र प्रधान, क्योंझर (अनुसूचित जनजाति) लोकसभा सीट से बिनोद बिहारी नायक (मोहन हेम्ब्राम की जगह) और अस्का से देवकांत शर्मा को प्रत्याशी बनाया है। बंगाल की कांथी से उर्वशी भट्टाचार्य को टिकट दिया है।

# देश से आरक्षण किसी भी हालत में नहीं हटेगा : शाह

**एजेंसी**

**कोटा।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर आरक्षण को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अगर वह आरक्षण हटाना भी चाहती है तो भी भाजपा आरक्षण को किसी भी हालत में हटाने नहीं देगी। श्री शाह शनिवार को कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठ फैलाने का काम किया हैं। अगर कांग्रेस आरक्षण हटाना भी चाहती है तो भी जब तक भाजपा कार्यकर्ता हैं, उसे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण को हटाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार की बात

**गृह मंत्री बोले-अबकी बार 400 पार की बात करने पर कांग्रेस के पेट में होता है दर्द**



करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता हैं और कहा जाता है कि 400 पार होने पर आरक्षण चला जायेगा। उन्होंने कहा कि हमने बहुमत का उपयोग कभी आरक्षण हटाने के लिए नहीं किया हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस को बहुमत मिला तो उसने देश में आपातकाल लगा दिया। हमें बहुमत मिला तो कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया, राम मंदिर बनाया गया।

## भाजपा सरकार ने दिया आधी आबादी को हक : अनुराग

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने भारत में वूमेन लेड डेवलपमेंट का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना और महिलाओं को देश की विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना बेहतरीन उदाहरण हैं। अनुराग ठाकुर ने ये बातें शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सुजानपुर और भोरंज विधानसभा में महिला मोर्चा व एससी मोर्चा सम्मेलनों में कही। ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने 10 साल में 25 से भी अधिक योजनाओं की शुरूआत की है। 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से अधिक छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

# पाकिस्तान में बारिश का कहर जारी, 87 की मौत

**एजेंसी**

**करांची।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने बताया कि पिछले सप्ताह पाकिस्तान में बारिश के कारण हुई अलग-अलग घटनाओं में कम से कम 87 लोग मारे गए और 82 अन्य घायल हुए हैं। जबकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का कहर जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, एनडीएमए ने बताया कि बारिश ने देश भर में 2,715 घरों को आंशिक या पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ज्यादातर लोगों की मौत इमारत या घरों के ढांचे ढहने, बिजली गिरने और बाढ़ से संबंधित घटनाओं में हुई है। एनडीएमए के अनुसार, देश के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान और हताहत हुए हैं। यहां मूसलाधार

**▸▸ देश भर में 2,715 घर हुये क्षतिग्रस्त, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे अधिक नुकसान**

बारिश के कारण 36 लोगों की जान चली गई और 53 अन्य घायल हो गए। इसके बाद पूर्वी पंजाब प्रांत में 25 लोगों की मौत और आठ लोगों के घायल होने की सूचना है। एनडीएमए ने कहा कि दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में 15 लोगों की मौत हुई है और 10 घायल हुए हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण 11की मौत हो गई। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल की बारिश से कीमती जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित विभागों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## प्रभात एनएसजी के महानिदेशक नियुक्त

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा(आईपीएस) के आंध्रप्रदेश कैडर के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। वह अभी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक पद पर तैनात हैं। सरकारी आदेश के अनुसार वह नया पद संभालने पर वेतनमान में सोलहवें स्तर के अधिकारी होंगे। वर्ष 1992 बैच के आईपीएस के रूप में नलिन प्रभात का सेवाकाल 31 अगस्त 2028 तक है। केन्द्र सरकार ने ओडिशा कैडर की 1992 बैच की आईपीएस अधिकारी सपना तिवारी को आईबी में विशेष निदेशक बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के निवासी प्रभात को एनएसजी का महानिदेशक नियुक्त किये जाने पर बधाई दी है।

# मैं भाजपा की बी टीम का नेता हूं : देवगौड़ा

**कोलार ।** जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा है कि उन्हें भाजपा की बी-टीम कहे जाने पर कोई दिक्कत नहीं है।

श्री देवेगौड़ा ने शुक्रवार की देर शाम कोलार संसदीय सीट पर राजग उम्मीदवार मल्लेश बाबू के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हां, मैं भाजपा की बी टीम का नेता हूं , तो क्या। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उन्हें भाजपा की बी-टीम बताये जाने संबंधी बयान पर यह टिप्पणी की। श्री देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ 2014 की चुनावी हार को याद किया और कहा कि इस्तीफा देने के लिए तैयार होने के बावजूद मोदी ने उनके महत्वपूर्ण अनुभव के कारण उनसे संसद में बने रहने



का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं 93 साल का हूं। 2014 में मैंने मोदी को चुनौती दी और हार का सामना करना पड़ा। मैं इस्तीफा देने के लिए तैयार था, लेकिन मोदी माना कि मेरा अनुभव अमूल्य है और मुझे पद पर बने रहने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री गांधी ने हाल में कर्नाटक यात्रा के दौरान भाजपा और जद(एस) के गठबंधन को लेकर कहा था कि जद(एस) वास्तव में भाजपा की बी टीम है।

# यूएई में भारी बारिश से काफी नुकसान

**एजेंसी**

दुबई। संयुक्त राज्य अमीरात (यूएई) में हाल के दिनों में हुई भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ। यूएई में काफी कम बारिश होती है लेकिन जिस तरह से दुबई में भारी बारिश दर्ज की गई, उसने कई तरह की चिंताओं को जन्म दिया है। इस भारी बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। मौसम विज्ञानियों ने ने दुबई में बाढ़ के लिए क्लाउड सीडिंग को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद चेतावनी दी है कि ये आने वाले समय में देशों के बीच मौसम युद्ध'की शक्ल ले सकता है। ऐसा हुआ तो इसके विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। दुबई में केवल 24 घंटों में 142 मिमी से अधिक बारिश हुई। इतनी बारिश शहर में एक साल में होती है। मौसम के अजीब बदलाव ने क्लाउड सीडिंग

## विज्ञानियों ने दी मौसम युद्ध की चेतावनी



**▸▸ दुबई में केवल 24 घंटों में 142 मिमी से अधिक हुई बारिश, शहर एक साल में होती है इतनी बारिश**

के बारे में चिंताएं पैदा कर दीं, 1940 के दशक से इस्तेमाल की जा रही इस प्रक्रिया में विशेष फ्लेयर्स से लैस विमान बारिश को प्रोत्साहित करने के लिए बादलों में नमक छोड़ते हैं। यूएई ने 1990 के दशक से वर्षा को शीघ्र करने के लिए क्लाउड-सीडिंग का उपयोग किया है। हालांकि इस बारिश में यूएई ने क्लाउड सीडिंग से इनकार किया है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, क्लाउड सीडिंग अगर नियंत्रण से बाहर हुई तो फिर देशों के बीच 'मौसम युद्ध' होने की आशंका है। पर्यावरण प्रौद्योगिकी कंपनी किस्टर्स के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी जोहान जैक्स ने चेतावनी दी कि इस नई तकनीक का उपयोग करने के अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जिससे संभावित रूप से 'राजनयिक अस्थिरता' हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब हम प्राकृतिक वर्षा पैटर्न में हस्तक्षेप करते हैं, तो हम नई घटनाओं की एक ऐसी श्रृंखला शुरू कर देते हैं जिन पर हमारा बहुत कम नियंत्रण होता है। जोहान जैक्स के मुताबिक, मौसम के साथ हस्तक्षेप नैतिक प्रश्न भी उठाता है। मौसम अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को नहीं पहचानता है। ऐसे में क्योंकि एक देश में मौसम बदलने के दूसरे देश में विनाशकारी प्रभाव पड़ सकते हैं। क्लाउड सीडिंग के कारण होने वाली तीव्र वर्षा से अतिरिक्त प्रवाह होगा, जिसके परिणामस्वरूप बाढ़ आ सकती है। दुबई की बाढ़ उन अनपेक्षित परिणामों की एक कड़ी चेतावनी के रूप में काम करती है जो हम तब उत्पन्न कर सकते हैं जब हम मौसम को बदलने के लिए ऐसी तकनीक का उपयोग करते हैं। जोहान जैक्स ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के बाद के परिणामों पर हमारा बहुत कम नियंत्रण है।

## अमित शाह व राजनाथ सिंह की जनसभा बंगाल में आज

कोलकाता। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ रविवार को चुनावी दौरे पर पश्चिम बंगाल आयेंगे। शाह दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जनसभा को संबोधित करेंगे। राजनाथ सिंह भी इसी क्षेत्र में एक जनसभा करेंगे। वह दार्जिलिंग के अलावा मुर्शिदाबाद और मालदा में भी जनसभाएं करेंगे। राजू बिष्ट ने 2019 में भाजपा के टिकट पर दार्जिलिंग लोकसभा सीट जीती थी। इस बार भी भाजपा ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है। राजनाथ सिंह पश्चिम बंगाल चुनावी दौरे पर पहली बार पहुंच रहे हैं। दार्जिलिंग के बाद राजनाथ सिंह की मालदा उत्तर सीट पर जनसभा होगी। खगेन मुर्मू को भाजपा ने इस बार भी उम्मीदवार बनाया है। मुर्शिदाबाद में भी राजनाथ की जनसभा है। इस बार भाजपा ने अबु ताहेर के खिलाफ गौरी शंकर घोष को उम्मीदवार बनाया है। माकपा ने मोहम्मद सलीम को उम्मीदवार बनाया है।

## स्पीड न्यूज

### सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण का लुक आउट



**मुंबई।** रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण का लुक भी शेयर किया है। रोहित शेट्टी ने दीपिका का लुक इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा कि मेरा हीरो रील में भी और रियल में भी लेडी सिंघम। वही गॉगल्स और पुलिस की वर्दी में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दीपिका फिलहाल प्रेगनेंट हैं और सिंघम अगेन की शूटिंग कर रही हैं। सिंघम अगेन की बात करें तो फिल्म में दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। वहीं, अजय देवगन फिल्म में एकबार फिर सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका, करीना कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### चारधाम के लिए अब तक 10 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन

देहरादून। चारधाम यात्रा और हेमकुंड साहिब के लिए 19 अप्रैल शाम छह बजे तक कुल 1066157 पंजीकरण हुए हैं। चारधाम और हेमकुंड साहिब के लिए 159054 तीर्थयात्री प्रतिदिन पंजीकरण करवा रहे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण 15 अप्रैल सुबह सात बजे से प्रारंभ किए गए थे। चारधाम यात्रा पंजीकरण में यमुनोत्री के लिए 193998, गंगोत्री के लिए 200996, केदारनाथ के लिए 352879, बद्रीनाथ के लिए 304243 और हेमकुंड साहिब के लिए 14041 पंजीकरण हुए हैं।

### रायबरेली से चार बांग्लादेशी गिरफ्तार


**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में जनपद रायबरेली और उन्नाव में रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट समेत अन्य चीजें मिली हैं। यह लोग यहां पर फर्जी तरह से क्लीनिक चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि, पुलिस को इनपुट मिला कि उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरो कस्बे समेत अन्य जगहों पर बांग्लादेशी नागरिक फर्जी तरह से रह रहे हैं। उनके साथ उनके रिश्तेदार भी है। यहां पर क्लीनिक चलाकर अपना भरण पोषण करते हैं। इसके बाद पुलिस ने इन लोगों की तलाश शुरू कर दी।

### कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** जालंधर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजिंदर सिंह बिट्टू शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। बिट्टू जालंधर हिमाचल प्रदेश के सह-प्रभारी भी रहे हैं। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और मीडिया सह-प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद तेजिंदर सिंह बिट्टू ने कहा कि लगभग 35 साल कांग्रेस पार्टी में बिताने के बाद उन्हें लगा कि कांग्रेस पार्टी मुद्दों से भटक गई है। वह पंजाब की भलाई के लिए भाजपा में शामिल हुए ।

### टेस्ला प्रमुख मस्क का भारत दौरा स्थगित

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। मस्क 22 अप्रैल को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। पिछले हफ्ते ही मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले शख्स ने एलन मस्क का भारत दौरा टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !